तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 29.8 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 6 जून 2026

# घर बैठे बनेगा राशन कार्ड, नया कार्ड बनाने, नाम जोड़ने-हटाने अब ऑनलाइन अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राशन कार्ड से जुड़ी सेवाओं को पूरी तरह ऑनलाइन करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय ने सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर कहा है कि नए राशन कार्ड जारी करने, राशन कार्ड में सदस्य जोड़ने और सदस्य विलोपन (नाम हटाने) के लिए अब सेवा-सेतु (ई-डिस्ट्रिक्ट) पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएं। यह सुविधा राज्यभर में लागू की गई है। इस व्यवस्था के तहत नागरिकों को अब सरकारी दफ्तरों के चक्कर कम लगाने पड़ेंगे। राज्य सरकार का दावा है कि ऑनलाइन प्रक्रिया से आवेदन, सत्यापन और कार्ड जारी करने की पूरी प्रणाली अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनेगी। राज्य में राशन कार्ड ऑनलाइन बनाने की शुरुआत पहली बार हुई है। इससे पहले शहरों में पार्षदों व गांवों में ग्राम पंचायतों के माध्यम से राशन कार्ड बनाने की मैन्युअल प्रक्रिया थी। यह भी जारी रहेगी।

### च्वाइस सेंटर से नागरिक कर सकते हैं आवेदन

आदेश में कहा गया है कि नए राशन कार्ड जारी करने, सदस्य जोड़ने और नाम हटाने की सुविधा लोक सेवा केंद्रों के साथ-साथ स्थानीय निकायों तथा आम नागरिकों के लिए भी सेवा-सेतु (ई-डिस्ट्रिक्ट) पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए सभी नगरीय निकायों और विकास खंडों को निर्देशित किया गया है कि वे पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्राप्त करें।लोक सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन करने पर हितग्राही को 30 रुपये का निर्धारित शुल्क देना होगा। वहीं स्वयं ऑनलाइन आवेदन करने वाले नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के बाद आवेदन रसीद क्रमांक उपलब्ध कराया जाएगा।




### डिजिटल सत्यापन के बाद जारी होगा राशन कार्ड

नई व्यवस्था में आवेदन प्राप्त होने के बाद अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी दस्तावेजों और पात्रता की जांच करेंगे। इसके बाद आवश्यक जानकारी और अनुशंसा पोर्टल पर दर्ज कर डिजिटल हस्ताक्षर के साथ स्वीकृतकर्ता अधिकारी को भेजी जाएगी। स्वीकृति मिलने पर निर्धारित मानदंडों के अनुसार नया राशन कार्ड जारी किया जाएगा।

### ऑनलाइन जनरेट राशन कार्ड

राशन कार्ड भी अब ऑनलाइन जनरेट होगा। संबंधित अधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर के बाद राशन कार्ड का पीडीएफ तैयार किया जाएगा, जिसे कार्यालय, लोक सेवा केंद्र या स्वयं हितग्राही पोर्टल से डाउनलोड कर सकेंगे। सरकार ने निर्देश दिया है कि राशन कार्ड मिलने के बाद मुखिया और दर्ज सदस्यों को उचित मूल्य दुकान में जाकर ई-केवाईसी कराना होगा। यह प्रक्रिया ई-पॉस मशीन या फेस ई-केवाईसी के माध्यम से पूरी की जाएगी।

### पारदर्शिता और सुविधा बढ़ाने की कोशिश

खाद्य विभाग का यह निर्णय ऐसे समय आया है जब राशन कार्ड बनवाने, नाम जोड़ने और हटाने जैसी प्रक्रियाओं में लोगों को अक्सर लंबी प्रशासनिक प्रक्रिया का सामना करना पड़ता था। अब ऑनलाइन आवेदन, डिजिटल सत्यापन और डाउनलोड योग्य राशन कार्ड की व्यवस्था से प्रक्रिया को सरल बनाने की कोशिश की गई है।

# बस किराया में छूट खत्म, इसलिए सफर अभी से महंगा, 25 फीसदी और बढ़ेगा

**प्रतिस्पर्धा के कारण लंबी दूरी का किराया भाड़ा कम लेने वाले बस ऑपरेटर मूल भाड़ा लेने लगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बाद अब बसों के किराये में इजाफा तय है। संचालकों ने 25 फीसदी किराया बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिस पर शासन स्तर पर विचार किया जा रहा है। मंजूरी के साथ किराया बढ़ जाएगा। इससे पहले स्पर्धा की वजह से किराये में छूट मिल रही थी, लेकिन अब इसे खत्म कर बस संचालक निर्धारित दरों पर पूरा किराया वसूल रहा है, जिसके कारण अभी से सफर महंगा हो गया है।

गौरतलब है, पूर्व में प्रतिस्पर्धा के कारण बस ऑपरेटर लंबी दूरी का किराया भाड़ा कम कर यात्रियों को ले जाते थे। वर्तमान में डीजल के दाम बढ़ने से बस ऑपरेटर शासन द्वारा निर्धारित किराया भाड़ा वसूल रहे हैं, इससे यात्रियों को लग रहा है कि बस ▶▶|शेष पेज 14 पर

### नुकसान की भरपाई ऐसे करते हैं

*लंबी दूरी की ओर चलने वाली ज्यादतर बस के ऑपरेटर यात्री से ज्यादा माल परिवहन करने में यकीन करते हैं। एक सामान्य एसी बस में बस ऑपरेटर को औसतन 30 सीट के हिसाब से किराया भाड़ा 18 से 20 हजार रुपए एक तरफ का बनता है। माल परिवहन करने पर बस ऑपरेटर को अतिरिक्त 10 से 15 हजार रुपए तक की कमाई होती है। इसीलिए बस संबंधित जगह टाइम में माल पहुंचे, इसलिए यात्री किराया भाड़ा में कटौती कर यात्रियों को ले जा रहे थे। डीजल की कीमत बढ़ने से बस ऑपरेटर को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। इसीलिए अब तय किराया वसूल रहे हैं।*



### शिकायत मिलने पर जांच कराई गई

बस ऑपरेटरों द्वारा किराया बढ़ोतरी की शिकायत मिलने पर जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि लंबी दूरी के लिए संचालित बस के ऑपरेटर कंपीटिशन के कारण बसों का किराया कम ले रहे थे। डीजल की कीमत बढ़ने के बाद बस ऑपरेटर शासन द्वारा निर्धारित किराया भाड़ा वसूल रहे हैं, इसलिए यात्रियों को किराया भाड़ा में बढ़ोतरी लग रही है।

- **डी. रविशंकर**, अपर परिवहन आयुक्त

### इसलिए ज्यादा किराया भाड़ा का आरोप

रायपुर से जगदलपुर की दूरी 303 किलोमीटर है, लग्जरी बस के हिसाब से किराया भाड़ा 863 रुपए होता है। साधारण एसी स्लीपर बस में किराया भाड़ा 600 से 615 रुपए होता है। पूर्व में प्रतिस्पर्धा के कारण बस ऑपरेटर लग्जरी का किराया भाड़ा साढ़े सात सौ से आठ सौ रुपए वसूलते थे। इसी तरह से एसी स्लीपर कोच बस के ऑपरेटर पांच सौ से साढ़े पांच सौ रुपए किराया लेते थे। डीजल की कीमतों में वृद्धि होने के बाद बस ऑपरेटर तय मानक से किराया वसूल रहे हैं, इसलिए लोगों को अचानक से किराया भाड़ा में बढ़ोतरी दिख रही है।

### पांच वर्ष पूर्व निर्धारित हुआ बसों का किराया भाड़ा

पांच वर्ष पूर्व बसों का किराया भाड़ा बढ़ाए जाने राज्य शासन ने जो नोटिफिकेशन जारी किया था, उसके अनुसार अलग-अलग बसों का किराया भाड़ा इस मापदंड पर निर्धारित किया गया था, जिसकी सूची इस प्रकार से है ...

- **सुपर लग्जरी वातानुकूलित बस** - शुरू के पांच किलोमीटर के लिए 8.75 रुपए, इसके बाद प्रति किलोमीटर 2.75 रुपए
- **सुपर लग्जरी वातानुकूलित अर्ध शयन एवं शयन यान** - शुरू के पांच किलोमीटर के लिए 8.75 रुपए, इसके बाद प्रति किलोमीटर 2.75 रुपए या उसके भाग के लिए और वातानुकूलित अर्ध शयनयान में सीटों के लिए 3.13 रुपए प्रति यात्री प्रति किलोमीटर तथा शयन यान (बर्थ) के लिए 3.44 रुपए प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर
- **साधारण बस सेवा** - शुरू के पांच किलोमीटर के लिए 7.50 रुपए, इसके बाद प्रति किलोमीटर 1.25 रुपए
- **साधारण रात्रि कालीन बस सेवा** - साधरण बस सेवा से 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क
- **डीलक्स बस सेवा** - शुरू के पांच किलोमीटर के लिए 7.50 रुपए, इसके बाद प्रति किलोमीटर 1.63 रुपए
- **डीलक्स रात्रि कालीन बस सेवा** - शुरू के पांच किलोमीटर के लिए 7.50 रुपए, इसके बाद प्रति किलोमीटर 1.75 रुपए
- **डीलक्स स्लीपर कोच** - डीलक्स शयनयान के लिए शुरू के पांच किलोमीटर 7.50 रुपए, इसके बाद प्रति किलोमीटर 1.94 रुपए, अर्ध शयन यान 1.63 रुपए
- **डीलक्स एसी स्लीपर कोच** - डीलक्स एसी शयनयान के लिए शुरू के पांच किलोमीटर 7.50 रुपए इसके बाद प्रति किलोमीटर 2.81 रुपए अर्ध शयनयान 2.38 रुपए

# ट्रांसपोर्टर पर चाकू से हमला कर बदमाशों ने की लूट

- ***ट्रांसपोर्टर की जेब से नकदी पांच हजार, हाथ में पहना चांदी का ब्रेसलेट लूटकर भागे***
- ***धरसींवा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात की घटना***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के साथ ग्रामीण थाना क्षेत्र में बदमाश लगातार आपराधिक घटना कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार देर रात दो बदमाशों ने एक ट्रांसपोर्टर पर पत्थर तथा चाकू से हमला कर नकदी पांच हजार रुपए, मोबाइल तथा हाथ में पहना चांदी का ब्रेसलेट लूट कर फरार हो गए। ट्रांसपोर्टर के साथी ने टोल प्लाजा जाकर अपनी जान बचाई। टोल प्लाजा के कर्मचारियों को आता देख बदमाश मौके से भागे। टोल प्लाजा के कर्मचारियों के नहीं आने पर बदमाश कोई और बड़ी घटना को अंजाम दे सकते थे।

सांकरा निवासी मानस कश्यप ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट की शिकायत दर्ज कराई है। मानस ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को रात 12.30 बजे वह अपने साथी योगेश वर्मा के साथ बाइक से खाना लेने ढाबा जा रहा था। ग्राम देवरी स्थित एक होटल के आगे एनएच-30 पर पहुंचे थे। इसी दौरान मानस बाथरूम करने के लिए सड़क ▶▶|शेष पेज 14 पर

### साथी ने टोल प्लाजा में जाकर बचाई जान

मानस पर अचानक दो बदमाशों के हमला से उसका साथी बुरी तरह से डर गया और वह अपनी जान बचाने टोल प्लाजा की ओर भागा। टोल प्लाजा पहुंचने के बाद योगेश ने टोल कर्मियों को अपने साथी के साथ घटित घटना की जानकारी दी। इसके बाद टोल प्लाजा के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। लोगों को अपनी ओर आता देख बदमाश मानस को छोड़ कर उससे लूटे गए मोबाइल, नकदी और चांदी का ब्रेसलेट लेकर भाग निकले।






# 23 साल की चारु ने 19 प्रतियोगिताएं की पास, राष्ट्रपति करेंगी गोल्ड मेडल से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

तिल्दा-नेवरा छत्तीसगढ़ के तिल्दा की बेटी चारु पांडेय ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन से ऐसा मुकाम हासिल किया है, जो हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। महज 23 वर्ष की उम्र में चारु ने दिल्ली पुलिस, रेलवे, बैंकिंग और केंद्र-राज्य सरकार की विभिन्न 19 प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर अपनी असाधारण क्षमता का परिचय दिया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए आगामी स्वतंत्रता दिवस पर उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

■ तमिलनाडु सरकार ने वर्ष 2026 में 'बेस्ट एएओ' पुरस्कार प्रदान किया

शिक्षक प्रवीण कुमार पांडेय एवं सुधा पांडेय की प्रतिभाशाली पुत्री चारु ने SSC CGL, SSC CHSL, SSC MTS, SSC GD, SSC CPO, IBPS PO, SBI Clerk, NET-JRF, CGTET, RRB NTPC, RRB Group-D, दिल्ली पुलिस, छत्तीसगढ़ सब-इंस्पेक्टर, ट्रांसपोर्ट सब-इंस्पेक्टर, CG NHM सहित कुल 19 प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प के सामने कोई लक्ष्य बड़ा नहीं होता।

चारु पांडेय ने मई 2025 में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के चेन्नई कार्यालय में असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर (AAO) के रूप में अपनी सेवाएं शुरू कीं। अपने उत्कृष्ट कार्य, ईमानदारी और दक्षता के बल पर उन्होंने कम समय में ही अलग पहचान बनाई। उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए तमिलनाडु सरकार ने वर्ष 2026 का 'बेस्ट एएओ' पुरस्कार प्रदान किया। इसके बाद जनवरी 2026 में पदोन्नति मिलने पर उन्हें विशाखापट्टनम में ऑडिट ऑफिसर के पद पर नियुक्त किया गया, जहां वे वर्तमान में अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं।

## पुलिस, रेलवे, बैंकिंग और केंद्र व राज्य सरकार की परीक्षाओं में मारी बाजी




### परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास की अनूठी मिसाल

चारु की यह उपलब्धि केवल उनके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे तिल्दा, रायपुर और छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। सीमित उम्र में इतनी बड़ी सफलताएं हासिल कर उन्होंने यह संदेश दिया है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।चारु पांडेय आज प्रदेश की बेटियों के लिए प्रेरणा का प्रतीक बन चुकी हैं और उनका यह सफर आने वाली पीढ़ियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का हौसला देता रहेगा

## खबर संक्षेप

### अवैध खनन में शामिल हाइवा समेत चार वाहन और अन्य मशीनें जब्त

**सिलयारी।** रायपुर जिले के सिलयारी-कुरुद/मेहरसखा में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खनिज विभाग ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो निर्माण कंपनियों के वाहन एवं मशीनें जब्त की हैं। कलेक्टर के निर्देश और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, माइनिंग अधिकारी नेताम एवं ध्रुव के नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम ने सिलयारी-कुरुद क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान साहू कंस्ट्रक्शन की एक जेसीबी और एक हाइवा को बिना वैध अनुमति के खनन कार्य करते हुए पकड़ा गया। वहीं मेहरसखा क्षेत्र में आरआर कंस्ट्रक्शन की एक हाइवा और एक चैन माउंटेन मशीन अवैध उत्खनन में संलिप्त पाई गई, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया। जांच के दौरान संबंधित कंपनियां खनन कार्य से जुड़े आवश्यक दस्तावेज एवं वैध परमिट प्रस्तुत नहीं कर सकीं। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए सभी वाहन एवं मशीनों को सीज कर थाने में खड़ा कराया। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है और किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग द्वारा जब्त किए गए वाहनों एवं मशीनों के विरुद्ध खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई एवं जुर्माना वसूली की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी जिले भर में इसी तरह की सघन जांच और छापेमार कार्रवाई जारी रहेगी।

## निधन

### भुवन लाल साहू



**आरंग।** ग्राम पंचायत लखौली निवासी व एलआईसी एजेंट भुवन लाल साहू का अल्पायु में निधन हो गया। वे 58 साल के थे। स्थानीय श्मशान घाट पर दाह संस्कार किया गया। वे सविता साहू के पति, गगन व डीकेश साहू के पिता थे।

## दिवस : विश्व पर्यावरण दिवस में अनेक स्थानों में किया गया पौधारोपण

# ग्लोबल वार्मिंग व पर्यावरण सुरक्षा के लिए करें पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत चंदखुरी स्थित अंबेडकर मंगल भवन में जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। रायपुर जिला भाजपा ग्रामीण की महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी ललिता वर्मा के नेतृत्व एवं संचालन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री गुरु खुशवंत साहेब रहे। कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण जिला प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल तथा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतीक बैश विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।अतिथियों ने अंबेडकर मंगल भवन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि बतौर उपस्थित केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं का प्रभावी समाधान वृक्षारोपण ही है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन-प्रशासन का दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरियाली बढ़ाने का सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दीपक बैस, शिव शंकर वर्मा, अभिषेक राजा तंबोली, जिला मंत्री जागृति बंजारे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रवि सोनी, नरेंद्र ठाकुर, विश्वदीप बघेल, शोभाराम यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष पिंटू साहू, लोकेश साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष तिलक साहू, गजेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा, चंद्रकांत साहू, कृष्ण कुमार वर्मा सहित जिला एवं मंडल स्तर के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का कार्य किया, बल्कि समाज को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराने का भी महत्वपूर्ण संदेश दिया।

### सीआरपीएफ ने ग्राम थनौद में किया पौधारोपण

**अभनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 211वीं बटालियन द्वारा कमांडेंट विजय प्रताप के मार्गदर्शन में वाहिनी परिसर थनौद में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप महानिरीक्षक (डीआईजी) विजय शंकर पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डीआईजी विजय शंकर पाण्डेय ने जवानों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा दैनिक जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन पूरी तरह प्रकृति पर निर्भर है और वृक्षारोपण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, शुद्ध वायु प्रदान करने तथा ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से निपटने का प्रभावी माध्यम है। कमांडेंट विजय प्रताप ने भी जवानों को प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाते हैं, बल्कि मिट्टी के कटाव को रोककर प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर वाहिनी परिसर में आम, नीम, जामुन, अमरूद और आंवला सहित विभिन्न प्रजातियों के कुल 293 पौधों का रोपण किया गया। अधिकारियों एवं जवानों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डीआईजी विजय शंकर पाण्डेय, कमांडेंट विजय प्रताप, कमांडेंट आलोक अवस्थी, द्वितीय कमान अधिकारी रंजन कुमार बहाली, द्वितीय कमान अधिकारी प्रवेश कुमार अटल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवीननी तपस्विनी सहित वाहिनी के अनेक अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

### न्यायधीश ने किया कोर्ट परिसर पौधारोपण



**तिल्दा नेवरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय परिसर तिल्दा नेवरा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर व्यवहार न्यायधीश भावेश भट्टी ने अधिवक्तागण की उपस्थिति में न्यायालय परिसर में पौधा लगाकर इस अभियान की शुरुआत की। इस अवसर न्यायधीश भावेश भट्टी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। वृक्षारोपण अभियान में न्यायधीश भावेश भट्टी अधिवक्ता अरविन्द शर्मा, रविशंकर तिवारी (रायपुर) शिवकुमार तिवारी, मंजु तिवारी, राम बाधवा व तिल्दा न्यायलय के अधिवक्तागण और न्यायालीन कर्मचारीगण विशेष रूप उपस्थिति थे । कार्यक्रम के दौरान न्यायालय परिसर में हरित वातावरण को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। उपस्थितजनों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की। अधिवक्ता अरविन्द शर्मा ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई.

### विश्व पर्यावरण दिवस पर एनसीसी कैडेटों ने किया



**आरंग।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना तथा प्राकृतिक संसाधनों का सुरक्षित उपयोग करने की दिशा में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस/" के अवसर पर 27 छ.ग. बटालियन एन.सी.सी. द्वारा एन.सी.सी. नोड लखौली में वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एन.सी.सी. ग्रुप रायपुर के डिप्टी ग्रुप कमांडर कर्नल एस. रमेश 27 छ.ग. बटालियन एन.सी.सी. रायपुर के कमांडिंग अफसर कर्नल सुभाष महतो, विभिन्न संस्थाओं के ए.एन.ओ., पी.आई., स्टॉफ तथा जूनियर एवं सीनियर डिविजन के 30 कैडेट्स द्वारा 100 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं एन.सी.सी. कैडेट्स को पौधों की सुरक्षा तथा पर्यावरण जागरूकता के प्रचार-प्रसार हेतु शपथ दिलाई गई। डिप्टी ग्रुप कमाण्डर कर्नल एस. रमेश द्वारा पर्यावरण की महत्ता, मुख्य चुनौतियाँ तथा संरक्षण के उपाय, बढ़ता प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अपना सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम की रूप-रेखा 27 छ.ग. बटालियन, एन.सी.सी., रायपुर के कमांडिंग अफसर कर्नल सुभाष महत्तो द्वारा तैयार किया गया था। इस अवसर पर एन.सी.सी. अधिकारी कैप्टेन अविनाश सिंह, सेकण्ड अफसर कमलेश चन्द्राकर और पी.आई. स्टॉफ उपस्थित रहें।

### पर्यावरण दिवस पर ग्राम उमरिया में पौधारोपण



**आरंग।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत उमरिया में सत्य सनातन संगठन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगठन के युवा अध्यक्ष तेजराम निषाद, उपाध्यक्ष निकेश यादव, कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी यशवंत भारती सहित प्रीतम यादव, सनत निषाद, संजू यादव, पर्रा यादव, टिंकू यादव, नूतन यादव, बाबा निषाद, लकी निषाद, अरुण रात्रे, देवराज निषाद और शुभम कुमार चंद्राकर ने फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने पौधरोपण के साथ उनकी देखरेख एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लेने का संकल्प लिया। गांव के तालाब क्षेत्र में भी वृक्षारोपण कर उसे भविष्य में प्राकृतिक विश्राम स्थल के रूप में विकसित करने की पहल की गई। इस अवसर पर तेजराम निषाद ने कहा कि वृक्षारोपण भविष्य की ऑक्सीजन और जल सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा निवेश है तथा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और स्वयंसेवकों ने भाग लिया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

### पौधारोपण करके पर्यावरण जागरूकता का दिया संदेश



**आरंग।** जल जंगल जमीन प्राणिमात्र के जीवन के मूल आधार हैं बढ़ती आबादी व नगरीकरण के चलते वृक्षों की अंधाधुंध कटाई गंभीर चिंता का विषय है। हरियर छत्तीसगढ़ का लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चपरीद के नोडल प्राचार्य जे आर आल्हा व पूर्व माध्यमिक विद्यालय चपरीद के प्रधान पाठक ईश्वर साहू, वरिष्ठ शिक्षक नेमेश्वर साहू, शशिकांत बांधे, फगेंद्र लोधी, नोहर ढीढी सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में 44 डिग्री तापमान पर पौधरोपण कर प्रकृति के प्रति जागरूकता एवं संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही पानी बचाओ, ऊर्जा बचाओ जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया गया। सभी ने पौधरोपण के साथ ही उनकी रक्षा का भी संकल्प लिया।

### पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में विधायक शर्मा पहुंचे, कुंवरगढ़ में पौधारोपण

**कूरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर नगर कुंवरगढ़ में प्रकृति के संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर के वार्ड क्रमांक - 06 स्थित ऐतिहासिक खादी ग्रामोद्योग भवन (गांधी घर) एवं स्थानीय फिल्टर प्लांट परिसर में पूरे उत्साह के साथ पौधे रोपण किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप विधायक अनुज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आम जनमानस से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड क्रमांक - 06 के खादी ग्रामोद्योग भवन (गांधी घर) से हुई, जहाँ अतिथियों ने बापू के विचारों को याद करते हुए प्रकृति की सेवा का संकल्प लिया और औषधीय व छायादार पौधे लगाए। इसके पश्चात सभी जनप्रतिनिधियों ने /"फिल्टर प्लांट/" परिसर का रुख किया, जहाँ जल स्रोतों के आसपास हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सघन वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा नें कहा कि आज हम सब यहाँ 'पर्यावरण दिवस' मनाने के लिए इकट्ठा हुए हैं।पर्यावरण कोई एक दिन का उत्सव नहीं है, यह हमारी हर सांस का उत्सव होना चाहिए। हमारी छत्तीसगढ़िया संस्कृति में तो सदियों से सिखाया गया है—'परिवेश ही परमेश्वर है'। हम तो पेड़, नदी, पहाड़ और माटी को पूजने वाले लोग हैं। फिर आज ऐसा क्या हो गया कि हमें अपने अस्तित्व को बचाने के लिए एक 'दिवस' का सहारा लेना पड़ रहा है। वक्त आ गया है कि हम सिर्फ किताबों में पर्यावरण न पढ़ें, बल्कि अपनी जिम्मेदारी को जमीन पर उतारें। क्रांति हमेशा युवाओं के कंधों पर सवार होकर आती है। अगर आज छत्तीसगढ़ के युवा ठान लें, तो इस राज्य की हरियाली को कोई नहीं छीन सकता। आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, खादी बोर्ड अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, ,जनपद अध्यक्ष शकुंतला ढिलेंद सेन , नगर अध्यक्ष गोविंद साहू ,मण्डल अध्यक्ष राकेश यादव , केंद्र के बयवस्थापक यशवंत वर्मा एवं टेक्नीशियन अधिकारी अनिल साहू का उक्त कार्यक्रम में प्रमुख योगदान रहें है ।

## 11 हाइवा रेत और गिट्टी जब्त माफियाओं में हड़कंप

हरीभूमि न्यूज ⏭ चंदखुरी।

खनिज विभाग ने आरंग में अवैध रूप से चल रहे रेत और मुरूम के काले कारोबार पर एक बार फिर जोरदार प्रहार किया है। कलेक्टर के सख्त निर्देश और विभाग के आला अधिकारियों की रणनीति के तहत, खनिज विभाग की टीम ने रात भर सघन जांच अभियान चलाकर अवैध परिवहन में लगे 11 हाइवा वाहनों को जब्त किया है। इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के मुताबिक, खनिज प्रशासन के उप संचालक राजेश मालवे के निर्देश एवं सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव के कुशल मार्गदर्शन में टीम ने आरंग और आसपास के क्षेत्रों में घेराबंदी की थी। जांच के दौरान रेत से लदे 10 हाइवा और गिट्टी से लदे 1 हाइवा को रोका गया। जब वाहन चालकों से रॉयल्टी पर्ची या खनिज परिवहन से जुड़े वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वे कोई भी कागजात पेश नहीं कर सके।

**11 हाइवा को किया गया जब्त :** अवैध परिवहन की पुष्टि होने के बाद, खनिज विभाग की टीम ने तुरंत सभी 11 हाइवा वाहनों को जब्त कर लिया। वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए इन वाहनों को सुरक्षा के लिहाज से आरंग और गिधपुरी पुलिस थाने के सुपुर्द कर दिया गया है। विभाग द्वारा इन वाहन स्वामियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ खनिज (उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण) नियम के तहत जुर्म दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**कार्रवाई दल में ये रहे शामिल :** इस पूरी रात चली मैराथन कार्रवाई को अंजाम देने में खनिज विभाग की जमीनी टीम की अहम भूमिका रही। टीम का नेतृत्व खनिज निरीक्षक प्रिया सिन्हा और सुपरवाइजर सुनील दत्त शर्मा ने किया। वहीं मुस्तैदी के साथ मोर्चा संभालने वालों में सिपाही संतोष पवार सहित सैनिक लुकेश वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, दयाराम साहू और लीलेश्वर मानिकपुरी शामिल थे।

## शारडा मिनरल्स ने 8 हजार पौधारोपण का लिया संकल्प

**धरसींवा।** विश्व पर्यावरण दिवस के विशेष अवसर पर देश की प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाई मेसर्स शारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय और अनुकरणीय पहल की गई। कंपनी ने पर्यावरण संतुलन और हरित विकास के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अपने संयंत्र प्रांगण में एक वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान संयंत्र परिसर में अत्यंत उत्साह के साथ कुल 330 पौधों का रोपण किया गया, जिसमें कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रकृति को सहेजने का संकल्प लिया। औद्योगिक विकास के साथ-साथ प्रकृति के सामंजस्य को बनाए रखने के उद्देश्य से शुरू किया गया यह अभियान महज एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि एक दूरगामी योजना का हिस्सा है। कंपनी प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए इस चालू वर्ष में एक बड़ा और महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत कंपनी के दोनों प्रमुख संयंत्रों में इस साल कुल 8,000 पौधे लगाए जाएंगे। इस वृहद् परियोजना के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास के वातावरण को न केवल स्वच्छ बनाया जाएगा, बल्कि ग्रीन बेल्ट को भी मजबूती मिलेगी।

## श्रमिक की सुरक्षा के बिना औद्योगिक विकास अधूरा



**धरसींवा।** छत्तीसगढ़ के औद्योगिक परिदृश्य को सुरक्षित और मानवीय दृष्टिकोण से समृद्ध बनाने की दिशा में आज एक बड़ा कदम उठाया गया। उद्योगों में केवल उत्पादन बढ़ाना ही नहीं, बल्कि काम करने वाले हर श्रमिक के जीवन की रक्षा करना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी मानवीय और सुरक्षा-केंद्रित सोच के साथ, संचालनालय औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा एनटीपीसी भवन, सेक्टर-24 में एक दिवसीय विशेष सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। सचिव सह श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशों पर आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य फोकस उद्योगों में 'शून्य-दुर्घटना' के लक्ष्य को हासिल करना और कार्यस्थलों पर व्यावहारिक सुरक्षा संस्कृति को जन्म देना था।

कार्यशाला की कमान संभालते हुए प्रभारी संचालक श्री मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि कोई भी औद्योगिक विकास तब तक अधूरा है, जब तक हमारे श्रमिक सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने उद्योगों के प्रबंधन को सख्त लहजे में सचेत किया कि सुरक्षा मानकों के पालन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इसी क्रम में मुख्य बॉयलर निरीक्षक श्री गुंजन शुक्ला ने भारी उद्योगों में बॉयलर संचालन के खतरों और उनसे बचाव के कड़े तकनीकी दिशा-निर्देश साझा किए।



इस कार्यशाला की सबसे बड़ी खूबी यह रही कि यह केवल एक सरकारी बैठक बनकर नहीं रही, बल्कि विभिन्न उद्योगों के बीच सुरक्षा के आधुनिकतम तौर-तरीकों को सीखने का एक जीवंत मंच बन गई। रायपुर और दुर्ग जिले के सबसे संवेदनशील, अति खतरनाक और भारी उद्योगों के सुरक्षा अधिकारियों ने इसमें हिस्सा लिया। भिलाई स्टील प्लांट, एनटीपीसी-सेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, जायसवाल निको, अडानी पावर, शारदा एनर्जी और गोदावरी पावर जैसी दिग्गज कंपनियों के सुरक्षा विशेषज्ञों ने मंच से अपनी उन कमियों और सफलताओं को साझा किया। पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के जरिए इन उद्योगों ने दिखाया कि कैसे आपदा प्रबंधन, एडवांस जोखिम नियंत्रण और आपातकालीन तैयारियों के बल पर बड़े हादसों को टाला जा सकता है।

### // आम सूचना //

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अतंर्गत, भवनों में से फ्लैट/ भवन क्रमांक एल.आई.जी.- 43/508 भूतल में रागेश रामचन्द्रन नायर पिता श्री रामचन्द्रन नायर को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 17.08.2016 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया ।

आबंटी के द्वारा उक्त फ्लैट/भवन के विक्रय हेतु दिनांक 29.05.2026 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/भवन श्रीमती रीता देवी पति श्री मदन सिंह के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं। अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, कबीर नगर रायपुर**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथकर्ता मैथिली नितीन पाटिल पिता मनोहर वानखेड़े, निवासी - बी/604, गोल्डन ग्लोरी अपार्टमेंट, गली नं. 07, श्री राम नगर, फेस-1, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) 492001 निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरा पूर्व नाम- मैथिली नितिन पाटिल पिता मनोहर वानखेड़े था एवं मुझे यही नाम से जाना व पहचाना जाता था।
3. यह कि, मैंने अपना पूर्व नाम- मैथिली नितिन पाटिल पिता मनोहर वानखेड़े को त्याग कर नया नाम- मैथिली नितीन पाटिल पिता मनोहर भगवान वानखेड़े, रख लिया है।
4. यह कि, अब से मुझे मेरे परिवर्तित नाम- मैथिली नितीन पाटिल पिता मनोहर भगवान वानखेड़े से जाना व पहचाना जावें, एवं समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय अभिलेख में मेरा यही नाम लिखा, पढ़ा जावें।
5. यह कि, उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

**सत्यापन :-**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 5 तक में वर्णित सभी तथ्य सही एवं सत्य है अतः मैंने आज दिनांक को स्वयं के हस्ताक्षर कर स्थान रायपुर में सत्यापित कर दिया।

दिनांक- 05.06.2026 **मैथिली नितीन पाटिल**
**शपथकर्ता/सत्यापनकर्ता**

**न्यायालय अध्यक्ष, भरण-पोषण अधिकरण एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर (छ.ग.)**

**-:: सूचना पत्र :: -**

**क्रमांक / 202603111000037/ वाचक-2 / भ.पो. / अ.वि.अ./ 2026 रायपुर दिनांक- 29/05/2026**

प्रति,

1. इनासा फरिश्ता उम्र 26 वर्ष पिता पप्पू फरिश्ता
2. आकिफ फरिश्ता उम्र 25 वर्ष पिता पप्पू फरिश्ता

दोनों निवासी- फरिश्ता हाऊस, ई.ए.सी. कालोनी, रवि नगर रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

आवेदक पप्पू फरिश्ता पिता मरहूम गुलाम अली फरिश्ता उम्र 63 वर्ष पता- जनता का रिश्ता, प्रेस बिल्डिंग, इन्द्रावती कालोनी, राजातालाब रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.) (वरिष्ठ नागरिक) द्वारा आपके विरूद्ध "अंतर्गत धारा 04 सहपठित धारा 05 एवं धारा 23 माता - पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 के तहत आपसे प्रतिमाह 40,000/- रूपये भरण पोषण के रूप में दिलाये जाने हेतु तथा आवेदक के ग्राम रायपुर खास प.ह.नं. 106/अ/62 रा. नि.मं. रायपुर के अंतर्गत मोहल्ला सिविल स्टेशन (रवि नगर) ब्लाक नंबर 11 भूखंड क्र. 3/52 रकबा 2000 वर्गफुट एवं उस पर निर्मित मकान म्युनिसिपल मकान नंबर RPR440M00035 के संबंध में निष्पादित एवं पंजीकृत हिबानामा दिनांक 07.03.2024 को शुन्य घोषित कर उसके मकान का कब्जा आपसे आवेदक को वापस दिलाये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ एक अन्य आवेदन पत्र वास्ते वाद लंबन काल के दौरान वादग्रस्त संपत्ति का विक्रय या अन्य प्रकार से अंतरण करने से निषेधित किये जाने बाबत मय शपथ पत्र के साथ पेश किया है। अतः आप इस न्यायालय में दिनांक 12/06/2026 को 03:00 PM बजे दोपहर को उपस्थित होवें । ऐसा करने से न चूकें।

**अध्यक्ष,**
**भरण-पोषण अधिकरण, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर (छ.ग.)**

### // आम सूचना //

**ग्राम बुडेरा तहसील खरोरा स्थित भूमि बाबत्**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ग्राम, बुडेरा प.ह.नं. 47 रा.नि.म. व तह. खरोरा जिला रायपुर स्थित भूमि ख.न. 725/1, 731 का रकबा 0.068 हे., 0.227 हे. (73 डि.) को उनके अभिलिखित भूमिस्वामी नरेन्द्र कुमार देवांगन वल्द पवन कुमार देवांगन एवं कौशल निर्मलकर वल्द हरिराम निर्मलकर दोनों निवासी ग्राम केसला तह. खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) वाले से क्रय करने का सौदा पक्का कर उन्हे ब्याना अदा कर चुका है। उक्त सौदे के साक्ष्य समस्त गवाहो के समक्ष एक इकरारनामा निष्पादित किया गया है। विक्रेतागण द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रदान किए जाने के उपरांत शीघ्र रजिष्ट्री मेरे पक्षकार द्वारा कराया जाना है। उक्त खरीदी बिक्री पर यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक बोर्ड निगम या अन्य किसी भी को किसी तरह की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के मेरे नीचे लिखे पते पर इस सूचना प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे । बाद गुजरने म्याद विक्रयपत्र की लिखापड़ी वो रजिस्ट्री करा ली जावेगी । उसके उपरांत प्रस्तुत आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नही होगी एवं नाजायज मानी जावेगी ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर
दिनांक 05/06/2026

**आपका**
**नरेन्द्र कुमार शर्मा (अधिवक्ता)**
**म.नं. 41/574 नया नं. 47/617 राममंदिर गली, ब्राम्हण पारा, कंकाली पारा रायपुर (छ.ग.) मो. 9300414823**





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# मेडिकल कालेजों में फैकल्टी की कमी दूर करने कवायद, आदर्श भर्ती नियम पर फंस रहा पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में फैकल्टी का संकट खत्म करने पूरी की जा रही भर्ती प्रक्रिया पर आदर्श भर्ती नियम का पेंच फंस रहा है। भविष्य पर चिंतित डाक्टर संविदा भर्ती में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। यह नियम वर्ष 2019 से लागू तो है, मगर मेडिकल कालेज स्तर पर इसे अमल में लाया नहीं जा सका है। नियम में संविदा डाक्टरों को एक निश्चित अवधि के बाद कालेज स्तर पर नियमित करने का अधिकार है। इसका पालन नहीं होने की वजह से डाक्टर नौकरी छोड़ देते हैं और संकट हमेशा बना रहता है। जानकारों के मुतबिक मध्यप्रदेश में वर्ष 2018 से यह आदर्श भर्ती नियम लागू है जिसमें संविदा डाक्टरों को प्रोबेशन पीरियड पूरा होने के बाद कालेज अथवा डीएमई स्तर पर नियमित कर दिया जाता है। इस नियम को वर्ष 2019 में छत्तीसगढ़ में अंगीकृत कर गजट नोटिफिकेशन किया गया था। राज्य शासन द्वारा समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इसे लागू करने के निर्देश भी दिए गए थे मगर राज्य के कालेज स्तर पर इसे अमल में नहीं लाया जा सका।नतीजा कालेजों में भर्ती की कई कोशिशों के बाद भी फैकल्टी की कमी दूर होने का नाम नहीं ले रही है। यहां संविदा में काम करने वाले डाक्टरों सालों की सेवा के बाद भी नियमित नहीं हो रहे हैं इसकी वजह आमतौर पर डाक्टर एक निश्चित अवधि के बाद प्रायवेट अस्पताल अथवा दूसरे राज्यों का रुख करते हैं। हाल ही चिकित्सा शिक्षा विभाग राज्य में खोले जाने वाले पांच मेडिकल कालेजों में चिकित्सा शिक्षकों की संविदा भर्ती की कवायद कर रहा है।लगातार कोशिशों के बाद भी इसके लिए पर्याप्त संख्या में आवेदन नहीं आ रहे हैं जो इन कालेजों की मान्यता पर खतरा बन सकता है।

## भविष्य की चिंता इसलिए आ नहीं रहे डाक्टर

- वर्ष 2019 में राजपत्र में प्रकाशन पर मेडिकल कालेज स्तर पर अब तक अमल नहीं
- कालेज स्तर पर संविदा डाक्टरों को नियमित करने का अधिकार, खत्म हो सकता है संकट



### जेआर के 17, एसआर के लिए 1 आवेदन

कालेजों में भर्ती के लिए पहले दौर में मई में 175 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई। इसमें प्राध्यापक, सह प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापक के लिए एक भी योग्य उम्मीदवार नहीं मिले। सीनियर रेसीडेंट के 25 पदों के लिए एकमात्र और जूनियर रेसीडेंट के 25 पदों के लिए 17 लोगों की मेरिट लिस्ट जारी की गई है। जेआर और एसआर के पदों को छोड़कर शेष में भर्ती के लिए फिर से आवेदन मंगाने का काम शुरू किया गया है जिसमें भी बड़ी संख्या में लोगों सामने आने की संभावना काफी कम है।

### बैठक में भी आया मसला

गुरुवार को स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया के साथ डीन और सुपरस्पेशलिटी हास्पिटलों के कामकाज की समीक्षा बैठक के दौरान फैकल्टी की कमी का मसला भी सामने आया था। इस दौरान आदर्श भर्ती नियम को जमीनी स्तर पर लागू करने पर भी जोर दिया गया था। चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि इस नियम को लागू करने के बाद मेडिकल कालेजों में नौकरी छोड़ने और नई भर्ती की रुकावट की समस्या आसानी से दूर हो जाएगी।

## खबर संक्षेप



### सुशासन तिहार शिविर में नागरिकों को जाने से रोकने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**रायपुर।** जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा देवपुरी में आयोजित सुशासन त्योहार कार्यक्रम में हितग्राहियों को ना जाने देने के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस द्वारा जमकर प्रदर्शन किया गया। शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, नगर निगम द्वारा आम नागरिकों को शहर के वार्डों में सड़क, पानी, बिजली सफाई जैसी सुविधाएं देने में असमर्थ है। शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है, उसके बाद भी यूजर चार्ज बढ़ाने का काम किया जा रहा है। श्री मेनन ने आरोप लगाया, आम लोग विधिवत आवेदन बना कर शिविर में जा रहे थे उन्हें भी रोक दिया गया। पूर्व कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष पंकज शर्मा ने रायपुर ग्रामीण के सभी वार्डो में बदहाल हालत के लिए विधायक एवं पार्षदों की निष्क्रियता को जिम्मेवार बताया। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने भाजपा नेताओं पर संवेदनहीन होने और लोगों की जरूरतों को अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

### उपचुनाव में जीत पर निगम नेता प्रतिपक्ष ने दी बधाई



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश के नगरीय निकायों और नगर पंचायतों में हुए उपचुनावों में कांग्रेस के प्रत्याशियों की विजय की रायपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने बधाई दी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रभजोत सिंह लाडी मौजूद रहे।

## राजीव स्मृति वन में बरगद का पौधा लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ

# सीएम साय बोले- प्रकृति और मानव जीवन का संबंध अभिन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित राजीव स्मृति वन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान 2026-27 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कृष्ण वट (बरगद) का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने भी बेल का पौधा लगाकर अभियान में सहभागिता निभाई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रकृति और मानव जीवन का संबंध अभिन्न है। अनियंत्रित वृक्ष कटाई और पर्यावरणीय असंतुलन पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। ऐसे समय में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में एक प्रेरक और भावनात्मक पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष प्रदेश में ढाई करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन जनसहभागिता और विभागीय प्रयासों से साढ़े तीन करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी प्रदेशवासी निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक पौधारोपण कर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।



### मंत्री केदार ने कही ये बात

वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान प्रकृति और मातृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अनूठा माध्यम है। उन्होंने प्रदेशवासियों से इस अभियान को जन-जन का आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बिलासपुर जिले के कोपरा जलाशय को रामसर साइट का दर्जा मिलने पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए इसे छत्तीसगढ़ के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम को अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षकश्री अरुण कुमार पाण्डेय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परम्परा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला, विधायक मोतीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सीएम ने कहा- जंगलों की रक्षा जनजातीय समुदाय की संस्कृति

मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज की प्रकृति संरक्षण परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जनजातीय समुदाय सदियों से जंगलों को अपनी संस्कृति और जीवन का अभिन्न हिस्सा मानकर उनकी रक्षा करता आया है। सरना स्थलों में वृक्षों को देवतुल्य मानकर पूजा जाना प्रकृति के प्रति हमारी सांस्कृतिक आस्था और संरक्षण की भावना का जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने समाज सेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पद्मश्री सम्मानित व्यक्तित्व पंडी राम मंडावी, जागेश्वर यादव तथा डॉ. रामचंद्र गोडबोले का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि इन विभूतियों का जीवन समाजसेवा, समर्पण और जनहित का प्रेरणादायी उदाहरण है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रकाशित पुस्तकों—'द बैगा', 'वेटलैंड्स ऑफ छत्तीसगढ़', 'फ्लोरल डायवर्सिटी ऑफ बीजापुर डिवीजन', 'मैमल्स ऑफ छत्तीसगढ़' तथा 'उत्तरी छत्तीसगढ़ के अनूठे पर्यटन स्थल और उनकी विविधता' का विमोचन भी किया।

## भाजपा बोली

# परीक्षाओं में धोखाधड़ी का आरोपी कांग्रेसी नेता पेपर लीक मामले में ढोंग रच रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने छत्तीसगढ़ दौरे पर आए एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ पर तीखा हमला करते हुए कहा, जो खुद परीक्षा घोटालों और डमी कैंडिडेट बैठाने के आपराधिक मामलों में नामजद रहा है, वह आज छत्तीसगढ़ आकर पेपर लीक मामले में ढोंग रच रहा है। राजनीति में इससे बड़ा दोहरा मापदण्ड और पाखण्ड कुछ और नहीं हो सकता।



- डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कहा- दूसरों पर उंगली उठाने से पहले अपने दामन में देखें कितने दाग

डॉ. मिश्रा ने प्रामाणिक तथ्यों को उजागर करते हुए एनएसयूआई अध्यक्ष के 11 साल पुराने आपराधिक कृत्य को पत्रकारों के सामने रखा। उन्होंने बताया, राजस्थान विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले राजस्थान कॉलेज में पीजी प्रवेश परीक्षा के दौरान एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया था। उस समय राजस्थान कॉलेज छात्र संघ के तत्कालीन अध्यक्ष जाखड़ की जगह परीक्षा कक्ष में एक फर्जी (डमी) उम्मीदवार को परीक्षा देने के लिए बैठाया गया था। यह सीधे तौर पर एग्जाम इंपर्सनेशन (परीक्षा में दूसरे व्यक्ति को बिठाने) का गंभीर धोखाधड़ी का मामला था। डॉ. मिश्रा ने बताया, परीक्षा के दौरान सतर्क फ्लाइंग स्क्वॉड और इनविजिलेटर्स ने एडमिट कार्ड पर लगी फोटो और परीक्षा दे रहे व्यक्ति के चेहरे में भारी अंतर पाया। मुस्तैदी दिखाते हुए टीम ने मौके पर ही उस फर्जी परीक्षार्थी को रंगे हाथों दबोच लिया। इस जालसाजी के पकड़े जाने के बाद फर्जी परीक्षार्थी को गांधीनगर थाने ले जाया गया। इस पूरे मामले में तत्कालीन छात्र नेता विनोद के खिलाफ बाकायदा नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

डॉ. मिश्रा ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता जागरूक है। छत्तीसगढ़ के नागरिकों को मालूम है कि 2018 से लेकर 2023 तक कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में परीक्षा के नाम पर बहुत सारे भ्रष्टाचार किए हैं और भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस के नेता तथा भ्रष्ट अधिकारी अभी जेल में हैं, इसलिए एनएसयूआई का ढोंग अब यहां नहीं चलेगा।

## बैज बोले- प्रदेश में खाद का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश में उर्वरक का संकट विकराल रूप ले चुका है। प्रदेश में उर्वरक के लिये मारा मारी शुरू हो गई है। किसानों को सोसाइटी में खाद नहीं मिल रही है। किसान बराबर सरकार के मंत्रियों, विधायकों, सांसदों से उर्वरक के बारे में गुहार लगा रहे, लेकिन सरकार केवल जुबानी आश्वासन दे रही है। आज भी सभी सोसाइटियों में पूरी खाद नहीं पहुंच पायी है।

श्री बैज ने कहा, इस खरीफ सीजन में 15 लाख 55 हजार मीट्रिक टन खाद की आवश्यकता अनुमानित है, पर इस सरकार 30 प्रतिशत स्टाक नहीं जुटा पाई है। मानसून आने वाला है, खरीफ में धान की फसल ही राज्य के किसानों की आजीविका का मुख्य आधार है। यदि खरीफ के सीजन में सरकार किसानों को पर्याप्त उर्वरक नहीं दे पाएगी तो किसानों के सामने सालभर के लिए आजीविका का संकट पैदा हो जाएगा।

सरकार खाद की व्यवस्था करने के बजाए खाद संकट पर कैसे कुतर्क किया जाए, इसकी ट्रेनिंग भाजपा प्रवक्ताओं को दे रही श्री बैज ने कहा, नीट के पेपर लीक मामले में विरोध प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर किया गया लाठीचार्ज क्रूरता है। भाजपा सरकार अपनी अक्षमता को छिपाने के लिए बर्बरता पर उतर आई है।

# निगम के जोन-10 दफ्तर परिसर में आरआरआर सेंटर का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्षेत्र स्थित जोन 10 दफ्तर परिसर में आरआरआर सेंटर नए स्वरूप में शुरू हुआ। महापौर मीनल चौबे ने फीता काटकर इसका लोकार्पण किया।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि आरआरआर सेंटर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की एक महत्वपूर्ण अवधारणा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अपने घर में उपयोग में ना आने वाली वस्तुओं को आरआरआर सेंटर में दान करके पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें।

### अनुपयोगी चीजें संग्रहण करने घर-घर जाएगा वाहन

इस नए स्वरूप वाले आरआरआर सेंटर में नगर निगम रायपुर ने एक ई-बैटरी वाहन उपलब्ध कराया है, जो जोन क्षेत्र के सभी 7 वार्डों में जाकर वहां से रहवासी नागरिकों के घरों से अनुपयोगी वस्तुएं संग्रह करके लाने का कार्य करेगा, जिन्हें समाज के जरूरतमंद लोगों को स्वच्छ भारत मिशन योजना स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 अंतर्गत उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही जो सामग्री पुनः उपयोग योग्य नहीं होती, जैसे पुराने व अनुपयोगी कपड़े, उन्हें स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पुनर्चक्रित कर थैले, झोले आदि उपयोगी उत्पादों में परिवर्तित किया जाता है। इसके अतिरिक्त शेष अपशिष्ट को अधिकृत रिसाइक्लर्स एवं प्रोसेसिंग यूनिट्स तक भेजा जाता है, जिससे वैज्ञानिक निपटान सुनिश्चित होता है और सर्कुलर इकॉनमी को बढ़ावा मिलता है।

# सीएम हेल्पलाइन शुरू होगी 9 से, सीएस ने की तैयारियों की समीक्षा, दिया गया प्रेजेंटेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सीएम हेल्पलाइन की सुविधा 9 जून से शुरू होगी। इससे पहले मुख्य सचिव विकासशील ने शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में सीएम हेल्पलाइन के संबंध में अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन के जरिये प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन 9 जून से प्रारंभ की जा रही है। सभी विभागों के सचिवों, विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और जिला कलेक्टरों को सीएम हेल्पलाइन के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा-निर्देशों के तहत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए पत्र जारी किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से आमजनों की शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में हो, यह सुनिश्चित होना चाहिए। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दिया गया प्रेजेंटेशन

मुख्यमंत्री एवं सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सचिव राहुल भगत ने सीएम हेल्पलाइन के तहत आधुनिक शिकायत प्रबंधन प्रणाली के संबंध में प्रस्तुतिकरण के जरिये विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन हेतु विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता पूर्ण शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। शिकायतों के निराकरण के लिए एल-1 से एल-4 स्तर के अधिकारियों तक स्वचालित रूप से ट्रांसफर करने की प्रक्रिया को समझाया। उन्होंने नागरिकों से उनकी शिकायतों के संबंधों में उनकी संतुष्टि का फीडबैक लेने की पारदर्शी प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में सीएम हेल्पलाइन लॉन्चिंग के बाद नागरिक टोल-फ्री नंबर 1076 पर कॉल करके, वेब पोर्टल, समर्पित मोबाइल ऐप और व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी शिकायतें सीधे तौर पर दर्ज करा सकेंगे।

### बैठक में शामिल हुए ये अधिकारी

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, विधि एवं विधायी विभाग की प्रमुख सचिव सुषमा सावंत, आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव शहला निगार, मुख्यमंत्री एवं खनिज विभाग के सचिव पी.दयानंद, कौशल विकास एवं तकनीकी विभाग के सचिव बसवराजु एस., सामान्य प्रशासन, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सचिव रजत कुमार, परिवहन विभाग के सचिव एस.प्रकाश, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैंसर अब्दुल हक, ऊर्जा विभाग के सचिव सारांश मित्तर और वित्त विभाग की विशेष सचिव शीतल शाश्वत वर्मा सहित मंत्रालय में पदस्थ विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

## मार्कफेड के संचालक मंडल की बैठक, लिए कई निर्णय



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के संचालक मंडल की बैठक शुक्रवार को मार्कफेड मुख्यालय, नवा रायपुर में हुई। बैठक में प्राधिकारी अधिकारी शशिकांत द्विवेदी, प्रबंध संचालक जितेंद्र कुमार शुक्ला और अपर आयुक्त सहकारिता सावित्री भगत उपस्थित रहीं। बैठक में आगामी खरीफ विपणन वर्ष की तैयारियों, धान उपार्जन, भंडारण एवं भुगतान व्यवस्था की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कर्मचारियों के कल्याण एवं सेवा शर्तों से जुड़े प्रस्तावों पर संचालक मंडल द्वारा सकारात्मक निर्णय लिए गए। प्रबंध संचालक श्री शुक्ला ने बताया कि किसानों के साथ-साथ संस्था के कर्मचारियों का हित भी मार्कफेड की प्राथमिकता है। बैठक में लिए गए निर्णयों का क्रियान्वयन शीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा।


// आम सूचना //

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अतंर्गत, भवनों में से फ्लैट/ भवन क्रमांक एल.आई.जी.- 43/508 भूतल में रागेश रामचन्द्रन नायर पिता श्री रामचन्द्रन नायर को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 17.08.2016 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया ।

आबंटी के द्वारा उक्त फ्लैट/भवन के विक्रय हेतु दिनांक 29.05.2026 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/भवन श्रीमती रीता देवी पति श्री मदन सिंह के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं। अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, कबीर नगर रायपुर



नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथकर्ता मैथिली नितीन पाटिल पिता मनोहर वानखेड़े, निवासी - बी/604, गोल्डन ग्लोरी अपार्टमेंट, गली नं. 07, श्री राम नगर, फेस-1, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) 492001 निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरा पूर्व नाम- मैथिली नितिन पाटिल पिता मनोहर वानखेड़े था एवं मुझे यही नाम से जाना व पहचाना जाता था।
3. यह कि, मैंने अपना पूर्व नाम- मैथिली नितिन पाटिल पिता मनोहर वानखेड़े को त्याग कर नया नाम- मैथिली नितीन पाटिल पिता मनोहर भगवान वानखेड़े, रख लिया है।
4. यह कि, अब से मुझे मेरे परिवर्तित नाम- मैथिली नितीन पाटिल पिता मनोहर भगवान वानखेड़े से जाना व पहचाना जावें, एवं समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय अभिलेख में मेरा यही नाम लिखा, पढ़ा जावें।
5. यह कि, उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन :-

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 5 तक में वर्णित सभी तथ्य सही एवं सत्य है अतः मैंने आज दिनांक को स्वयं के हस्ताक्षर कर स्थान रायपुर में सत्यापित कर दिया।

दिनांक- 05.06.2026
मैथिली नितीन पाटिल
शपथकर्ता/सत्यापनकर्ता



न्यायालय अध्यक्ष, भरण-पोषण अधिकरण एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर (छ.ग.)

-:: सूचना पत्र :: -

क्रमांक / 202603111000037/ वाचक-2 / भ.पो. / अ.वि.अ./ 2026 रायपुर दिनांक- 29/05/2026

प्रति,
1. इनासा फरिश्ता उम्र 26 वर्ष पिता पप्पू फरिश्ता
2. आकिफ फरिश्ता उम्र 25 वर्ष पिता पप्पू फरिश्ता
दोनों निवासी- फरिश्ता हाऊस, ई.ए.सी. कालोनी, रवि नगर रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

आवेदक पप्पू फरिश्ता पिता मरहूम गुलाम अली फरिश्ता उम्र 63 वर्ष पता- जनता का रिश्ता, प्रेस बिल्डिंग, इन्द्रावती कालोनी, राजातालाब रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.) (वरिष्ठ नागरिक) द्वारा आपके विरूद्ध "अंतर्गत धारा 04 सहपठित धारा 05 एवं धारा 23 माता - पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 के तहत आपसे प्रतिमाह 40,000/- रूपये भरण पोषण के रूप में दिलाये जाने हेतु तथा आवेदक के ग्राम रायपुर खास प.ह.नं. 106/अ/62 रा. नि.मं. रायपुर के अंतर्गत मोहल्ला सिविल स्टेशन (रवि नगर) ब्लाक नंबर 11 भूखंड क्र. 3/52 रकबा 2000 वर्गफुट एवं उस पर निर्मित मकान म्युनिसिपल मकान नंबर RPR440M00035 के संबंध में निष्पादित एवं पंजीकृत हिबानामा दिनांक 07.03.2024 को शुन्य घोषित कर उसके मकान का कब्जा आपसे आवेदक को वापस दिलाये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ एक अन्य आवेदन पत्र वास्ते वाद लंबन काल के दौरान वादग्रस्त संपत्ति का विक्रय या अन्य प्रकार से अंतरण करने से निषेधित किये जाने बाबत मय शपथ पत्र के साथ पेश किया है। अतः आप इस न्यायालय में दिनांक 12/06/2026 को 03:00 PM बजे दोपहर को उपस्थित होवें । ऐसा करने से न चूकें।

अध्यक्ष,
भरण-पोषण अधिकरण, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर (छ.ग.)



// आम सूचना //
ग्राम बुड़ेरा तहसील खरोरा स्थित भूमि बाबत्

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ग्राम, बुड़ेरा प.ह.नं. 47 रा.नि.म. व तह. खरोरा जिला रायपुर स्थित भूमि ख.न. 725/1, 731 का रकबा 0.068 हे., 0.227 हे. (73 डि.) को उनके अभिलिखित भूमिस्वामी नरेन्द्र कुमार देवांगन वल्द पवन कुमार देवांगन एवं कौशल निर्मलकर वल्द हरिराम निर्मलकर दोनों निवासी ग्राम केसला तह. खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) वाले से क्रय करने का सौदा पक्का कर उन्हे ब्याना अदा कर चुका है। उक्त सौदे के साक्ष्य समस्त गवाहो के समक्ष एक इकरारनामा निष्पादित किया गया है। विक्रेतागण द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रदान किए जाने के उपरांत शीघ्र रजिष्ट्री मेरे पक्षकार द्वारा कराया जाना है। उक्त खरीदी बिक्री पर यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक बोर्ड निगम या अन्य किसी भी को किसी तरह की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के मेरे नीचे लिखे पते पर इस सूचना प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे । बाद गुजरने म्याद विक्रयपत्र की लिखापड़ी वो रजिस्ट्री करा ली जावेगी । उसके उपरांत प्रस्तुत आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नही होगी एवं नाजायज मानी जावेगी ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर
दिनांक 05/06/2026
आपका
नरेन्द्र कुमार शर्मा
(अधिवक्ता)
म.नं. 41/574 नया नं. 47/617
राममंदिर गली, ब्राम्हण पारा, कंकाली पारा
रायपुर (छ.ग.) मो. 9300414823



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
› वात रोग › घुटने के दर्द › पीठ व कमर दर्द › स्पॉन्डिलाइटिस › लिगामेंट के दर्द
› साइटिका › गोल्फ एल्बो › फ्रोजन शोल्डर › शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


छ.ग. का अब तक का सबसे बड़ा मेला
रावणभाटा मैदान, रायपुर में
शुरू हो गया है
पहली बार
हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट
के साथ
ROYAL
DISNEYLAND
MELA
श्री राम मंदिर की तर्ज पर 220 फीट चौड़ा रॉयल एन्ट्री गेट
मिक्सर झूला
फिश टनल
मेला स्थल : रावणभाटा मैदान
(रोज़ाना शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक)
(दशहरा मैदान) अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के पास, भाठागांव, रायपुर


06
जून
परम् पूज्य गुरुदेव जी महाराज
महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 श्री
राजेश्री महंत
डा. राम सुंदर दास जी
महाराज
के अवतरण दिवस
पर उनके चरणों में
कोटि -कोटि नमन...
सौजन्य:- रॉयल डिज़्नीलैण्ड मेला
छ.ग. का अब तक का सबसे बड़ा मेला

02



कैनवास पर विद्यार्थियों ने बिखेरी ....


● पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह

# चिकित्सक की उपाधि और पदक पाकर खिले स्टूडेंट्स के चेहरे, कहा- हम डॉक्टर्स अब दूर करेंगे मरीजों का दर्द

पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में मेडिकल, डेंटल, आयुर्वेद, होम्योपैथिक, मेडिकल बायोटेक, बीपीपी, एमपीटी, नर्सिंग, बीएएसएलपी सहित अन्य संकायों में 7545 स्नातक और 1645 स्नातकोत्तर एवं 5 सुपर स्पेशलिटी उपाधि प्रदान की गई तथा विभिन्न संकायों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए गए। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका ने की, वहीं बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में स्टूडेंट्स अपने पैरेंट्स के साथ उपाधि और मेडल लेने पहुंचे।

**रायपुर**। समारोह के मंच पर उपाधि व मेडल प्राप्त करते अपने बेटे-बेटियों को देख पैरेंट्स गौरवान्वित दिखे। स्टूडेंट्स के हाथों में उपाधि व मेडल आते ही उनकी खुशी व उत्साह का ठिकाना न रहा। वहीं पैरेंट्स, टीचर्स एवं दोस्तों से अपनी इस उपलब्धि और स्वर्णिम पल को साझा करते दिखे। स्टूडेंट्स ने कहा कि यह उपलब्धि एक दिन की नहीं, बल्कि सपनों को गढ़ने और लक्ष्य को हासिल करने की गई सालों की साधना से साकार हुआ है। हमें डॉक्टर बनने का उपाधि व मेडल तो मिल गया। अब चिकित्सा के क्षेत्र में मानव सेवा की मिसाल बनने की बारी है। हम डॉक्टर्स की प्राथमिकता अब मरीजों का दर्द दूर करने की होगी।



### नए दायित्वों के निर्वहन के संकल्प का दिन : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवस्नातक चिकित्सकों से कहा कि आज का दिन केवल उपाधि प्राप्त करने का अवसर नहीं है, बल्कि समाज और मानवता के प्रति नए दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लेने का अवसर है। विद्यार्थियों की सफलता उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के प्रगति और विश्वविद्यालयों की प्रतिष्ठा को दर्शाती है।





### चिकित्सक मानव सेवा की बनें मिसाल : राज्यपाल

राज्यपाल श्री डेका ने नवस्नातक चिकित्सकों से कहा कि जिस प्रकार वे राज्यपाल होने के नाते प्रदेश की जनता के हित के बारे में सोचते हैं, उसी प्रकार आपका दायित्व मरीजों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति समर्पित रहना है। चिकित्सकों के सफेद कोट पर कभी कोई दाग नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सभी ने मानवता की सेवा के उद्धेश्य से इस क्षेत्र का चयन किया है। कठिन परिश्रम के बाद प्राप्त यह डिग्री आपके जीवन की दूसरी पारी की शुरुआत है। जहां भी कार्य करें, मरीज के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और ऐसा कार्य करें, जो देश, प्रदेश और समाज में मिसाल बने।

### मानव सेवा के भाव ने बनाया डॉक्टर



एमबीबीएस की उपाधि व गोल्ड मेडल हासिल करने वाली छात्रा निहारिका पॉल ने बताया कि जब भी पैरेंट्स के साथ इलाज कराने अस्पताल जाती तो मरीजों को देखकर सोचती थी कि वह भी डॉक्टर बनकर मरीजों का दर्द का दूर करेंगी। इस मानव सेवा के भाव को डॉक्टर बन साकार करने की ठानी और 12वीं के बाद नीट क्लीयर कर एमबीबीएस की पढ़ाई की, आज वह सपना साकार हुआ।

### स्कूल से तय किया, डॉक्टर ही बनना है



विश्वविद्यालय की 2024 बैच की एमबीबीएस स्टूडेंट्स अनुष्का दुबे को एमबीबीएस की उपाधि और गर्ल्स केटेगरी में उच्चतम अंक हासिल करने पर गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। अनुष्का ने उपाधि व पदक प्राप्त होने पर पैरेंट्स के साथ खुशी जाहिर करते हुए कहा कि स्कूल में पढ़ाई करते हुए यह तय कर लिया था, मुझे डॉक्टर ही बनना है और इस उपाधि को हासिल करने मैंने मन लगाकर दिन-रात पढ़ाई की। आज इस साधना से मेरे सपने पूरे हुए हैं। वर्तमान में कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज मैंगलोर कर्नाटक में एमडी जनरल मेडिसिन की पढ़ाई कर रही हैं।

### आयुर्वेद में एमडी की उपाधि और गोल्ड मेडल का सपना पूरा

एमडी आयुर्वेदा की छात्रा अंकिथा एच. को 2024 बैच आयुर्वेद द्रव्यगुण विज्ञान में एमडी की



उपाधि और गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर अंकिथा ने बताया कि वे केरल से हैं और जब उन्हें ऑल इंडिया रैंक में यह विश्वविद्यालय मिला तो उन्हें हिंदी बोलने की समस्या आई, पर यहां दोस्तों व टीचर्स ने हिंदी सीखने में मेरी मदद की। इस तरह से एजुकेशन की यह जर्नी मेरे लिए उपाधि के साथ हिंदी भाषा सीखने को लेकर खास रही।

### माडर्न चिकित्सा व आयुर्वेद चिकित्सा को पढ़ना चुनौतीपूर्ण रहा

एमडी आयुर्वेद 2025 बैच के छात्र ब्योमकेश उपाध्याय को काय चिकित्सा में एमडी की उपाधि



व गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। अपनी इस उपलब्धि पर बात करते हुए ब्योमकेश ने बताया कि आयुर्वेद यूजी व पीजी की पढ़ाई के दौरान माडर्न चिकित्सा व आयुर्वेद चिकित्सा को पढ़ना चुनौतीपूर्ण रहा। इस चुनौती को पार कर आज एमडी आयुर्वेद का डॉक्टर बनने का सपना साकार होने पर उत्साहित हूं।




**धर्म लाइव**

## 25 रंग साधक आज करेंगे 'शिव शौर्य' का नाट्य मंचन



**रायपुर।** छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, धैर्य व संयम को प्रतिष्ठित करने वाले हिंदी नाटक 'शिव शौर्य' का मंचन शनिवार को शाम 6.30 बजे महाराष्ट्र मंडल स्थित संत ज्ञानेश्वर सभागृह के कुमुदिनी वरवंडकर स्मृति रंगमंच पर किया जाएगा। लेखक, निर्देशक अभिषेक बक्षी के मार्गदर्शन में 25 कलाकारों की टीम पर्दे पर अभिनय करती नजर आएगी। गौरवशाली ऐतिहासिक पलों को दोबारा जीवित करने के लिए इस कास्ट्यूम ड्रामा में मंच सज्जा से लेकर लाइट, संगीत भी कुछ खास और भव्य होगा। इसकी तैयारी पिछले ढाई महीने से चल रही है। निर्देशक अभिषेक ने बताया कि मंच पर शिवाजी की केंद्रीय भूमिका खुद निभा रहे हैं। अनिकेत के रूप में विभिन्न शहरों में तहलका मचा चुके वरिष्ठ रंगसाधक शशि वरवंडकर इस नाटक में अफजल खान की क्रूर भूमिका में जान फूंकते नजर आएंगे।

### आकर्षक मंच सज्जा, डायलॉग डिलीवरी होगी खास

इसके लिए उनकी दमदार डायलॉग डिलीवरी नाटक की बड़ी विशेषता होगी। चेतन दंडवते का लंबा रंगमंचीय अनुभव बाजी प्रभु देशपांडे की भूमिका को साकार करेगा। आकाशवाणी के प्रसिद्ध उद्घोषक दीपक हटवार नाटक 'शिव शौर्य' के सूत्रधार होंगे। श्वेता निगम बाजी प्रभु देशपांडे की पत्नी देशपांडे बाई, भारती पलसोदकर जिजाऊ माता और कीर्ति हिशीकर शिवाजी महाराज की पत्नी सई बाई, यशस्वी दंडवते दासी केसर की भूमिका को जीवंत करेंगी। इनके अलावा रविंद्र ठेंगड़ी, विनोद राखुंडे, पवन ओगले, अभय भागवतकर, पंकज सराफ, पराग दलाल, अक्षदा मातुरकर, योगेश दंडवते, अनुष्का टेम्बे जैसे सधे हुए रंगकर्मी छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालेंगे।

**समाज लाइव**

## भव्य मंगल शोभायात्रा से युवा कल सजाएंगे वृद्धाश्रम का स्थापना दिवस



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित मनोहर जीवन कल्याण वृद्धाश्रम में निवास करने वाले बुजुर्ग दादा-दादी, नाना-नानी की सेवा और देखभाल करते हुए युवाओं की संस्था ने वृद्धाश्रम की स्थापना और सेवा के पांच साल पूर्ण किए। इसे यादगार बनाने के लिए 7 जून को भव्य मंगल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसका शुभारंभ रविवार को सुबह 9 बजे किया जाएगा। पुरानी बस्ती स्थित महामाया अपार्टमेंट से युवा भव्य शोभायात्रा के रूप में अवसर को खास बनाने के लिए निकलेंगे। इसमें वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्ग भी शामिल होंगे। आयोजन को लेकर संस्था की प्रमुख डॉ. तृप्ति लुनिया ने बताया कि आर्टीस्टिक वाइब्स फाउंडेशन की पहल पर अवसर को युवा उत्सव का रूप देंगे।इसके लिए वृद्धाश्रम की साज-सज्जा के साथ ही निकलने वाली शोभायात्रा को सफल बनाने जिम्मेदारी तय की गई है।

### समय दान करने वाले परिवार भी होंगे शामिल

आयोजक संस्था से मिली जानकारी के अनुसार, सुबह निकलने वाली मंगल शोभायात्रा में वृद्धाश्रम को समय दान करने वाले लोग भी इसमें परिवार के साथ शामिल होंगे। शोभायात्रा का समापन होने के बाद बुजुर्गों को खुशनुमा माहौल देने के लिए अलग-अलग गेम्स खेलने का अवसर दिया जाएगा। वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को गीत-संगीत से जोड़ने के साथ ही समर्पण की भावना से सेवा करने वाले युवा भी अपने अनुभव को साझा करते हुए, सेवा के दौरान कितने बुजुर्गों की घर वापसी कराई गई, जिन बुजुर्गों ने वृद्धाश्रम में रहते हुए मृत्यु को प्राप्त किया, ऐसे बुजुर्गों से जुड़ी यादों को भी संस्था से जुड़े लोग साझा करेंगे।

**सिटी लाइव**

## टेनिस बॉल महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में 8 टीमें तय



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ महिला क्रिकेट समिति द्वारा इस बार भी महिलाओं में छिपी प्रतिभाओं को मंच देने के लिए आगामी 6 एवं 7 जून को शहर के मोतीबाग स्थित नेताजी सुभाष स्टेडियम में फ्लड नाइट मैच का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए 8 महिला क्रिकेट टीमें प्रतियोगी के रूप में मैदान में उतरेंगी। इस दौरान लीग मैच 8-8 ओवर के खेले जाएंगे और सेमीफाइनल तथा फाइनल मुकाबले 10-10 ओवर के होंगे। महिला टीमों को टेनिस बॉल से इस टूर्नामेंट में बाउंड्री लगाने का मौका मिलेगा। शामिल होने वाली टीमों में 18 से 60 साल से अधिक उम्र वाली महिलाएं भी बतौर खिलाड़ी न केवल चौके-छक्के लगाएंगी, बल्कि क्षेत्ररक्षण करते हुए वे अपनी टीम को जिताने का प्रयास करेंगी।

### महिला टीमों ने टूर्नामेंट के लिए कराया पंजीयन

उन्होंने बताया कि इस बार डोंगरगढ़, बिलासपुर, भिलाई, कोरबा सहित शहर की महिला टीमों ने भी पंजीयन कराया है। महिला समिति का संकल्प है कि महिला खिलाड़ियों को बड़े मैचों से जोड़ने की कड़ी के रूप में दायित्व निभाएं। इसके लिए प्रयास भी लगातार किया जा रहा है। संभव है कि आगामी दिनों में होने वाले आयोजनों के प्रारूप में बड़ा बदलाव भी देखने को मिले, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। मैच में रैफरी सहित सभी दायित्व पहले से तय किए गए हैं। दोनों ही दिन उत्साहवर्धन के लिए अतिथि भी मंचस्थ रहेंगे। इस आयोजन को महिलाओं में क्रिकेट के प्रति बढ़ते उत्साह को देखते हुए बड़ा स्वरूप देने के लिए समिति ने कई अहम निर्णय लिए हैं।

● राजधानी में विश्व पर्यावरण दिवस पर सरोकार से जुड़ी संस्थाओं और प्रबुद्धजनों ने किया सजग

# कैनवास पर विद्यार्थियों ने बिखेरी प्राकृतिक छटा, पौधे रोपने और प्रकृति बचाने पर वक्ताओं ने दिया जोर, लिया संकल्प

पेड़-पौधों का होना जीवन के लिए कितना जरूरी है। इसे लोगों को समझाने का प्रयास स्कूली छात्र-छात्राओं ने कैनवास पर कृतियों को उकरेते हुए किया। हरियाली का जीवन में कितना महत्व हैं, इसे चित्रकारी और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी बताने का प्रयास किया।कृषि वैज्ञानिकों एवं विद्वान वक्ताओं ने प्रकृति सुरक्षित होने से ही धरती पर जीवन है, इस बात पर जोर दिया। साथ ही पेड़-पौधों को संरक्षित करने के लिए संकल्प लिया। दिव्यांग बच्चों ने भी घर-आंगन में हरियाली फैलाने का संदेश अनूठे प्रयास के माध्यम से दिया।



**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र में पर्यावरण जागरूकता सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन, छत्तीसगढ़ राज्य इकाई, कृषि कॉलेज एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस को थीम के अनुरूप प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए जन-जागरूकता पर विशेष बल दिया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के संकल्प के साथ फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। वहीं गोपाल कृष्णा ने पर्यावरण संरक्षण की वर्तमान जरूरत पर प्रकाश डालते हुए लोगों को सजग किया। अधिष्ठाता डॉ. आरती गुहे ने कहा कि भारत की पारंपरिक जीवनशैली प्रकृति के संरक्षण पर आधारित है। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गौतम रॉय ने पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में वित्तीय संस्थानों की भूमिका पर चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार अग्रवाल सहित प्रबुद्ध वक्ताओं ने प्रकृति को बचाने पर जोर दिया।

### नुक्कड़ नाटक और चित्रकारी से किया सजग

सुधा सोसाइटी फाउंडेशन द्वारा सुधा ओपन स्कूल आमासिवनी में पर्यावरण दिवस पर जागरूकता के लिए आयोजन किया गया। इसमें एक प्राइवेट बैंक के पूर्व सहायक महाप्रबंधक सुनील खामारी मुख्य अतिथि रहे। फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष जीके भटनागर ने पौधा एवं कॉफी मग भेंट करके उनका सम्मान किया। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नुक्कड़ नाटक के बाद सभी विद्यार्थियों ने पर्यावरण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागी सभी बच्चों को पुरस्कार भी दिए गए। हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक बच्चे को भिंडी एवं ककड़ी के बीज मिट्टी के साथ दिए गए, जिन्हें अपने घर के पास लगा सकेंगे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में पांच पौधे लगाने का संकल्प देते हुए उत्साहवर्धन किया।



### दिव्यांग बच्चों ने मिट्टी के सजाए प्लांटर्स



कोपलवाणी संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर अनूठी पहल की। दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण को जोड़ते हुए श्रवण एवं वाक बाधित बच्चों ने मिट्टी के पॉट्स पर आकर्षक छत्तीसगढ़ी लोककला एवं आधुनिक पेंटिंग्स बनाकर उन्हें सुंदर रूप दिया। इन प्लांटर्स के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया। सामान्यतः खास अवसर पर फूलों के बुके भेंट किए जाते हैं, जो कुछ समय बाद अनुपयोगी होने पर फेंक दिए जाते हैं। इसके विपरीत पौधों सहित मिट्टी के प्लांटर्स लंबे समय तक लोगों के घरों एवं कार्यालयों में उस विशेष अवसर की स्मृति को जीवंत बनाए रखते हैं। आकर्षक प्लांटर्स को खरीदने सामाजिक एवं व्यावसायिक संस्थाएं आगे आईं। संस्था की अध्यक्ष पद्मा शर्मा ने बताया कि श्रवण एवं वाक बाधित बच्चों द्वारा नई पहल की गई।

### पर्यावरण संरक्षण मंडल की पहल, साक्षी बने लोग

पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कार्यालय में क्षेत्रीय अधिकारी प्रकाश कुमार रावड़े के निर्देशन में जन जागरूकता का आयोजित किया गया। यह पहल रायपुर स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी एवं हीरापुर सब्जी मंडी में की गई। पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पाम्पलेट का भी वितरण किया गया। साथ ही लोगों को बैग एवं पेन भी वितरित किए गए। इस अवसर पर लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त वातावरण एवं स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस आयोजन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।



### पेड़ पौधों में जीवन मानते हैं जैन समाज के लोग



जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण दिवस पर 108 नवकार जाप के साथ आरती, रक्षासूत्र बंधन करते हुए 11 वार्डों के सैकड़ों पौधों की रक्षा का संकल्प लिया गया। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेंद्र कोचर और विजय चोपड़ा ने बताया कि नवरोपित व 4 फुट ऊंचाई तक के पौधों को पूर्ण विकसित होने तक बचाने का संकल्प लिया। साथ ही 151 छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया। श्री कोचर ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी ने 2555 वर्ष पहले बताया था कि वनस्पति में जीव है। जैन धर्म में वनस्पति का उपयोग कम से कम किया जाता है। पेड़-पौधों और फूलों को तोड़ने या नष्ट करने की मनाही है। पेड़-पौधों के संरक्षण व संवर्धन की ओर विशेष ध्यान दिया जाता है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए रोपे 40 पौधे

सेवा ही सच्चा उत्सव है, के मूलमंत्र को सार्थक करते हुए शुभारंभ फाउंडेशन एवं ब्रह्मराष्ट्र एकम विश्व महासंघ के तत्वावधान में एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपने जन्मदिन को प्रकृति की रक्षा के प्रति समर्पित करते हुए डॉ. अरुणा यादव ने समाज को छोटे कदम, बड़ा बदलाव का संदेश दिया। उन्होंने अपनी आयु के अनुसार हीरापुर में 40 पौधे रोपे और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन पर दिखावा छोड़कर उतने पौधे लगाने चाहिए, जितने वर्ष के वे हो चुके हैं। साथ ही मौजूदा पेड़ों की सुरक्षा का भी संकल्प लेना चाहिए। इस पुनीत कार्य में शुभारंभ फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. सीमा कटंकर, ब्रह्मराष्ट्र एकम विश्व महासंघ काशी की अध्यक्ष अन्नपूर्णा शर्मा उपस्थित रहीं।



### स्वच्छ वातावरण के महत्व को किया साझा

विकासखंड धरसीवा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष आयोजन किया गया। एक शिशुवती हितग्राही के आंगन में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास तिवारी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष मेजरवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने हितग्राहियों एवं ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संदेश दिया। बीपीएम जुबैदा अनवर खान, बीएएम सौरभ शर्मा एवं ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर रुक्मिणी साहू एवं मितानिन शामिल हुईं। जनसमुदाय को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है।



छत्तीसगढ़ कराओके सिंगिंग स्टार्स कॉम्पीटिशन के ग्रैंड फिनाले में दिखा टैलेंट

## सदाबहार गीतों से सजी कराओके सिंगिंग की महफिल, झूमे संगीतप्रेमी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कराओके सिंगिंग स्टार्स कॉम्पीटिशन के ग्रैंड फिनाले में सदाबहार नगमों की महफिल सजी। शहर के उभरते सिंगर्स ने अपनी सुरीली आवाज में नए-पुराने हिंदी फिल्मों के गानों की प्रस्तुति से कार्यक्रम में समा बांध दिया। यह आयोजन शुक्रवार को शाम 4 बजे जयस्तंभ चौक स्थित मायाराम सुरजन हॉल में आयोजित हुआ। गीत-संगीत के प्रेमी व कलाकार देर रात तक सदाबाहर नगमों का आनंद लेते रहे। बता दें कि छत्तीसगढ़ कराओके सिंगिंग स्टार्स कॉम्पीटिशन के लिए गायक कलाकारों का ऑडिशन लिया गया था। ऑडिशन में सलेक्टेड प्रतिभावान सिंगर्स को मंच दिया गया। इस सिंगिंग कॉम्पिटिशन के ग्रैंड फिनाले के विजेता कलाकारों को प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार 5100 रुपए व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागी कलाकारों के पैरेंट्स सहित संगीत प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### उभरते सिंगर्स को मिला मंच

छत्तीसगढ़ कराओके सिंगिंग स्टार्स कॉम्पीटिशन का आयोजन इट्सा हॉस्पिटल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजक टीम के सदस्य कमल बदवानी, दीपक देवांगन, स्मिता राजे, मीना सोनी, कविता बिजोलिया ने बताया कि सिंगिंग कॉम्पिटिशन शहर के उभरते सिंगिंग टैलेंट को एक मंच देने की पहल है।

## नंबर लेटर कोडिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से गणित एवं क्रिप्टोग्रॉफी सीखी

**रायपुर।** रीजनल साइंस सेंटर में मैथ्स इन मोशन कैम्प-2026 का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आईआईटी भिलाई के तकनीकी सहयोग से दो दिवसीय कैम्प आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को सीजर सिफर तथा नंबर लेटर कोडिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से गणित, तर्कशक्ति एवं क्रिप्टोग्रॉफी के संबंधों से भी परिचित कराया जा रहा है। वहीं ज्यामिति सत्र में विद्यार्थियों ने त्रिभुज के आंतरिक कोणों के योग की अवधारणा को प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से समझा। वहीं दिन के अंतिम चरण में आयोजित 6×6 सुडोकू प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, एकाग्रता एवं विश्लेषणात्मक सोच को चुनौतीपूर्ण एवं मनोरंजक तरीके से विकसित किया। कैंप के आगामी दिवस में विद्यार्थियों को गणितीय मॉडल, पहेलियां, तार्किक खेल एवं अन्य रोचक गतिविधियों से परिचित कराया जाएगा, जिससे वे गणित की अवधारणाओं को और अधिक गहराई से समझ सकें।



### गुणा करने की सरल विधियां सीखीं

कैंप के दौरान विद्यार्थियों को गुणा तालिकाओं का उपयोग किए बिना गुणा करने की सरल विधियां सिखाई गईं, जिससे उन्होंने मानसिक गणना की तकनीकों का अभ्यास किया। इसके अतिरिक्त मैजिक नंबर 1089 तथा कप्रेकर स्थिरांक 6174 से जुड़ी गतिविधियों ने विद्यार्थियों को संख्याओं की अद्भुत दुनिया से परिचित कराया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने गणितीय पैटर्न और संख्या सिद्धांत के रोचक पहलुओं को समझा।

15 दिवसीय आकार कला प्रशिक्षण शिविर अंतिम दौर में पहुंचा, प्रशिक्षु कलाकार दिखा रहे हुनर

# कैनवास पर उकेर रहे जीवन के चित्र, वाद्ययंत्रों से साज सजाने की महारत हासिल कर रहे कला साधक

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित आकार शिविर में बच्चे, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग समेत हर वर्ग के कलाप्रेमी साधना में मग्न हैं। शिविर के 11वें दिन शुक्रवार को नन्हे बच्चे कैनवास पर जीवन के चित्र उकेरते नजर आए तो वहीं छत्तीसगढ़ी वाद्ययंत्रों में संगीत सजाते दिखे। शिविर में चित्रकारी का प्रशिक्षण दे रहे कलागुरु राकेश पुजारी ने बताया कि चित्रकारी को लेकर बच्चे व युवाओं में जबर्दस्त उत्साह है। बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं ने चित्रकारी कला प्रशिक्षण लेने पंजीयन कराया। इन प्रशिक्षुओं को स्क्रेच बनाना, कैनवास पेंटिंग, रंग भरना, सीनरी बनाना सिखा रहे हैं। इन 11 दिनों में बच्चों ने कैनवास पर ब्रश घुमाना, चित्र उकेरना, रंग समायोजन की बारीकियां सीख ली हैं। अब वे अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर चित्रों के माध्यम से साकार रूप में प्रदर्शित कर रहे हैं। शिल्प एवं लोककलाओं के संरक्षण, संवर्धन और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के उद्देश्य से आकार पारंपरिक शिल्प एवं विविध कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर 9 जून तक महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर में आयोजित है। शिविर प्रदेश के कलाप्रेमियों, युवाओं और प्रशिक्षुओं के लिए एक अनूठा मंच साबित हो रहा है।





### चित्र में बनारस के गंगा घाट और शबरी के राम को दर्शाया

शिविर में चित्रकला का प्रशिक्षण ले रही पलक ने बनारस के गंगा घाट व मंदिरों के सुंदर भक्तिमय वातावरण को कैनवास पर रंग भरकर जीवंत किया। वहीं 16 साल की मनस्वी जांबुलकर ने अपने घर की पोर्च के पार्किंग में खड़ी पापा की बुलेट बाइक का चित्र खींचा। 25 साल की स्क्रेच आर्टिस्ट शिवांगी वर्मा ने हनुमानजी का चित्र बनाया। इसके अलावा 13 साल के अर्जुन शर्मा ने बेर खाती शबरी के राम का भक्तिभाव से ओतप्रोत चित्र उकेरा। इसी तरह से अन्य प्रशिक्षुओं ने राधा-कृष्ण सहित प्रकृति के विविध रूपों को साकार किया।

### तंबूरा, दफड़ा, गुदुम बाजा की धुन छेड़ी

पारंपरिक वाद्ययंत्रों के कलागुरु रिखी क्षत्रिय ने प्रशिक्षुओं को छत्तीसगढ़ वाद्ययंत्रों में तंबूरा, दफड़ा, गुदुम बाजा सहित अलग-अलग वाद्ययंत्रों के साज व धुन से संगीत सजाने की कला में परांगत किया। शिविर में अब प्रतिभागी कलासाधक स्वयं ही वाद्ययंत्रों को बजाना सीख रहे व धुनों को संगीत में सजाने का अभ्यास करते दिख रहे हैं।

### शिविर में अब तक कुल 1247 प्रशिक्षुओं ने कराया पंजीयन



शिविर के रजिस्ट्रेशन स्टॉल से मिली जानकारी के मुताबिक 11 वें दिन तक कुल 1247 प्रशिक्षुओं ने विविध कला विधा में प्रशिक्षण लेने पंजीयन करा चुके हैं। यह प्रशिक्षु 9 जून तक कला प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे व शिविर के अंतिम दिन अपनी प्रतिभाओं का कला गुरुओं समक्ष प्रदर्शन करेंगे। समापन के अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार की गई खूबसूरत कलाकृतियों की एक भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी प्रतिभागियों को संस्कृति विभाग द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

# सीएम साय ने बांटी 22 मेधावी विद्यार्थियों को दो-दो लाख की प्रोत्साहन राशि

श्रमिक अपने श्रम, समर्पण और परिश्रम से समाज तथा देश के विकास की मजबूत नींव तैयार करते हैं। वे स्वयं कठिन परिस्थितियों में रहकर दूसरों को सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं, इसलिए श्रमिक वास्तव में देश के निर्माता हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में श्रम विभाग द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट सूची में टॉप-10 में स्थान प्राप्त करने वाले पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के 22 मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत दो-दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इनमें कक्षा 10वीं के 9 तथा कक्षा 12वीं के 13 विद्यार्थी शामिल हैं। ये विद्यार्थी रायपुर, महासमुंद, दुर्ग, गरियाबंद, सक्ती, बलौदाबाजार, रायगढ़ और कांकेर सहित विभिन्न जिलों से हैं।

### सफलता श्रमिक परिवारों के संघर्ष की प्रेरक कहानी



मुख्यमंत्री ने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि श्रमिक परिवारों के संघर्ष, परिश्रम और संकल्प की प्रेरक कहानी है। उन्होंने कहा कि आज जिन श्रमिक परिवारों के बेटा-बेटियों को सम्मानित किया जा रहा है, उन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे कभी भी स्वयं को किसी से कम न समझें। इतिहास इस बात का साक्षी है कि अनेक महान व्यक्तित्व साधारण परिवारों से निकलकर अपनी मेहनत, लगन और शिक्षा के बल पर उच्चतम शिखरों तक पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि श्रमिकों के बच्चे केवल श्रमिक बनकर न रह जाएं, बल्कि डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासक, वैज्ञानिक और विभिन्न उच्च पदों पर पहुंचकर छत्तीसगढ़ महतारी तथा देश की सेवा करें। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर अध्ययन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने का आह्वान किया।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजना : देवांगन

*कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इस अवसर पर श्रम विभाग के सचिव एवं श्रम आयुक्त हिमशिखर गुप्ता, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, सहायक श्रम आयुक्त देवेन्द्र देवांगन, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी, बड़ी संख्या में श्रमिक तथा उनके परिवारजन उपस्थित थे।*

## खबर संक्षेप

### भूपेश बघेल राज्यसभा चुनाव के ऑब्जर्वर



**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी ने झारखंड में होने वाले द्विवार्षिक राज्यसभा चुनावों के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को एआईसीसी ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। उनके साथ पार्टी नेता अजय शर्मा को भी पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### कांग्रेस में 5 मुख्य प्रवक्ता की नियुक्ति

**रायपुर।** कांग्रेस संचार विभाग में 5 मुख्य प्रवक्ता तथा 3 वरिष्ठ प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने यह आदेश जारी किया है। इसके अनुसार, आरपी सिंह, अमित श्रीवास्तव, धनंजय सिंह, सुरेंद्र वर्मा और वंदना राजपूत को मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। वहीं नितिन भंसाली, सत्यप्रकाश और अभयनारायण राय को वरिष्ठ प्रवक्ता पार्टी ने घोषित किया है।

### 10वीं-12वीं के लिए आवेदन 10 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं-12वीं द्वितीय परीक्षा की आवेदन तिथि में वृद्धि कर दी गई है। पूर्व में आवेदन पत्र की तिथि समान्य शुल्क के साथ 4 से 30 मई तक निर्धारित की गई थी। माशिम के अनुसार, विभिन्न संस्थाओं एवं परीक्षार्थियों द्वारा तिथि में वृद्धि संबंधी आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी गई है। विशेष विलंब शुल्क 1540 रुपए के साथ अब विद्यार्थी 10 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

### जोन-10 में लगा जनसमस्या निवारण शिविर



**रायपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत शुक्रवार को जोन-10 अंतर्गत देवपुरी गुरुद्वारा परिसर हाल में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। शिविर में रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक 49, पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड 50, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52, बाबू जगजीवन राम वार्ड 53, कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड 54, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड 55 एवं लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड 56 के नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान कई लोगों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर में ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, महापौर मीनल चौबे, रायपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष नंदकुमार साहू भी विशेष रूप से मौजूद रहे। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के 12 पात्र हितग्राहियों मकान स्वीकृति का प्रमाण पत्र दिया गया। इसके अलावा नए राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं ई-श्रम कार्ड वितरित किए गए। इस दौरान निगम आयुक्त संबित मिश्रा, एडीएम उमाशंकर बंदे, अपर आयुक्त विनोद पांडेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नगर निगम प्रशासन ने 15 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए शासन को भेजा

# गॉस मेमोरियल की 6 एकड़ जमीन पर स्पोर्ट्स से जुड़े होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में विभिन्न खेल से जुड़े बच्चों से लेकर बड़ों को अगले कुछ वर्षों में आधुनिक सुविधायुक्त व्यवस्था के साथ विकसित नए खेल मैदान की सौगात मिलेगी। नगर निगम प्रशासन ने सिविल लाइन स्थित गॉस मेमोरियल की 6 एकड़ जमीन पर अब खेल से संबंधित विकास कार्य करने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए शासन को भेजा है। इस प्रस्ताव पर मुहर लगते ही गॉस मेमोरियल की जमीन पर कई तरह की खेल गतिविधियों के लिए विकास कार्य किए जाएंगे। इससे शहर के सैकड़ों खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का जहां मौका मिलेगा, वहीं इन खेलों से उनके शरीर एवं मस्तिष्क पर अच्छा असर भी पड़ेगा, जिससे उनका जीवन भी स्वस्थमय रहेगा।

**लीज 2022 में खत्म हो गई थी:** उल्लेखनीय है कि गॉस मेमोरियल की 6 एकड़ जमीन यूनाईटेड चर्च नार्थ इंडिया ट्रस्ट एसोसिएशन के कब्जे में था। यह जमीन ट्रस्ट को 100 साल के लिए लीज पर दी गई थी, लेकिन लीज की अवधि 2022 में खत्म हो गई थी। इसके बाद भी इस जमीन पर ट्रस्ट का कब्जा था। इस मामले में हिन्दू स्वाभिमान संगठन ने इस जमीन को ट्रस्ट से कब्जा मुक्त कराने के साथ यहां विभिन्न खेलों के लिए आरक्षित कर यहां डेवलपमेंट करने की मांग किया था। इसके बाद नगर निगम प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए जमीन को वर्ष 2025 में अपने कब्जे में लिया है।



### 15 करोड़ के प्रोजेक्ट में कई विकास कार्य शामिल

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार गॉस मेमोरियल मैदान की जमीन शुरू से खेल मैदान के रूप में जानी जाती है। हालांकि इस जमीन का बड़ा हिस्से पर कब्जा भी था, जहां बाबर बंगला सहित कई घर भी बने हुए है। नगर निगम के कब्जे में आते ही जमीन पर अवैध कब्जा हटाने का कार्य किया और कब्जे वाली जमीन पर बाउंड्रीवाल कराते हुए इसे सुरक्षित किया। जमीन कब्जा में आने के बाद निगम अधिकारियों के बीच लगातार यहां डेवलपमेंट किए जाने पर चर्चा की जा रही थी। इस चर्चा के बाद निर्णय लिया गया है कि यहां खेलों से संबंधित ही विकास कार्य किए जाएंगे। इसके आधार पर ही प्रोजेक्ट बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार इस प्रोजेक्ट में यहां जो खेल मैदान है वह रहेगा। इसे आकर्षक बनाया जाएगा, साथ ही बच्चों के लिए खेल जोन, जिम का निर्माण के अलावा क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए वृक्षारोपण भी किया जाएगा। सूत्र के अनुसार यहां आकर्षक फूड कोर्ट का भी निर्माण किया जा सकता है, क्योंकि खेल मैदान के आसपास फूड कोर्ट नहीं है। ऐसे में इस मैदान में पहुंचने वाले खिलाड़ियों सहित अन्य लोगों को खेल का आनंद लेने के साथ खाने-पीने की चीजों के लिए कहीं और जाना नहीं पड़ेगा।

### दर्जनभर परिवारों का अभी भी कब्जा

*नगर निगम ने अपने कब्जे में लेने के बाद जमीन पर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की है। इसके लिए नोटिस की पूरी प्रक्रिया भी अपनाई गई है, लेकिन इसके बाद भी मैदान परिसर में लगभग 10-12 घर में रहने वाले परिवारों ने अब तक कब्जा छोड़ा नहीं है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि इन घरों में रहने वाले परिवारों को भी जल्द ही खाली करा लिया जाएगा। सूत्र से यह भी जानकारी मिली है कि यहां रहने वाले परिवारों को व्यवस्थापन योजना के तहत कहीं और विस्थापित किए जाने की तैयारी की जा रही है। इसी कारण से अब तक इन घरों को खाली नहीं कराया गया है।*

### प्रस्ताव बनाकर फाइल शासन को भेजी

*15 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाकर फाइल शासन को भेजी है। फाइल अभी विभागीय मंत्री के यहां मंजूरी के लिए लंबित है। मंजूरी मिलने पर ही आगे कार्य किए जाएंगे।*

**- लोकेश्वर साहू, अपर आयुक्त, नगर निगम रायपुर**

### रेलवे अधिकारियों का नाका टिकट जांच अभियान, 15 दिन में 2836 पकड़े, 18 लाख जुर्माना



*रायपुर और भाटापारा स्टेशन पर बेटिकटों की जांच, गंदगी फैलाने वाले भी धरे गए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे अधिकारियों और उनकी टीम ने रायपुर तथा भाटापारा स्टेशन में नाका टिकट जांच अभियान चलाया है। 15 दिन के इस जांच अभियान में बिना टिकट सहित 2836 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनसे अलग-अलग नियमों के उल्लघंन के आरोप में 18 लाख से ज्यादा का जुर्माना वसूला गया है।

यह जांच अभियान 21 मई से 4 जून के बीच चलाया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक बिजय कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी और सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश आनंद के नेतृत्व में इस अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में झुंड लगाकर बैठने वाले यात्रियों, बेवजह इधर-उधर घूमने वालों तथा ट्रेन आगमन के दौरान सफर कर आने वाले यात्रियों से उनके टिकट के बारे में पूछा गया। जांच के दौरान कुल 594 मामलों से कुल 3 लाख 92 हजा 850 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसमें बिना टिकट यात्रा के 407 मामलों से 3 लाख 20,330, अनियमित टिकट के 136 मामलों से 67 हजार 30 तथा बिना बुक किए गए लगेज के 11 मामलों से 1390 रुपये एवं रेल परिसर में गंदगी फैलाने वालों के 40 मामलों से 4100 रुपए जुर्माना किया गया। अफसरों के मुताबिक यात्रियों को ट्रेनों में सफर के साथ प्लेटफार्म में प्रवेश करने के लिए टिकट खरीदना अनिवार्य है। अक्सर यह शिकायतें सामने आती है कि ट्रेनों के यात्रियों को लेने और छोड़ने वाले यात्रियों के साथ आने वाले अक्सर इस नियम को नजर अंदाज करते हैं।

# फोन पर तीन तलाक, वैध पत्नी होने का हवाला दिया तो गाली-गलौज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ फोन पर तीन तलाक देने तथा कारण पूछने पर गाली-गलौज करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का पति मूल रूप से नागपुर का रहने वाला है और वह कुवैत में किसी निजी कंपनी में काम करता है। पुलिस को जानकारी मिली है, रायपुर की जिस युवती के साथ युवक का निकाह हुआ था, तब से दोनों के बीच वैवाहिक संबंध अच्छे नहीं थे। देश में तीन तलाक गैर कानूनी घोषित होने के बाद भी पति ने अपनी पत्नी को गैर कानूनी ढंग से फोन पर तीन तलाक बोलकर तलाक-ए-बिद्दत (वैवाहिक संबंध विच्छेद) की प्रथा पूरी की। इस पर पुलिस महिला के पति के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच कर रही है।

थाने में 35 वर्षीय महिला ने शाहिद रजा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उसका पति कुवैत में नौकरी करता है। वह कभी कभार पत्नी तथा अपने बच्चे से मिलने के लिए आता था। महिला ने अपने पति पर आरोपी लगाया है कि शादी के बाद से उसका पति उसके साथ घरेलू हिंसा करता था। साथ ही बेबुनियाद आरोप लगाता था। करीब चार-पांच माह पूर्व महिला को उसके पति ने फोन पर शादी संबंध तोड़ने के लिए तीन तलाक बोला।

### कारण पूछने पर गाली-गलौज करने लगा

महिला को उसके पति ने उसे फोन पर तीन तलाक बोला तो महिला ने अपने पति से कहा कि वह उसकी वैध बीवी है, वह फोन पर उसे कैसे तीन तलाक दे सकता है। साथ ही महिला ने अपने पति को फोन पर इस तरह से तीन तालाक लेने को गैर कानूनी बताया। इस पर शाहिद भड़क गया और महिला के साथ गाली गलौज की। पूरे मामले की पड़ताल के बाद पुलिस ने शाहिद रजा के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।



### स्तनधारी जीवों पर आधारित किताब का विमोचन

**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वनमंत्री केदार कश्यप द्वारा छत्तीसगढ़ के स्तनपायी (मैमॉल्स ऑफ छत्तीसगढ़) पर आधारित फील्ड गाइड का विमोचन किया, जिसे राज्य वन विभाग के सेवानिवृत्त पीसीसीएफ कैलाश चंद्र बेबर्ता और नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी ने मिलकर इस किताब को बनाया। राज्य के 44 प्रतिशत वन क्षेत्र वाले छत्तीसगढ़ को देश के जैवविविधता समृद्ध राज्यों में गिना जाता है। यहां के घने साल वन, बांस वन, मिश्रित वन, घास के मैदान, झाड़ीदार क्षेत्र, चट्टानी भू-भाग, नदियां, नाले तथा आर्द्रभूमियां अनेक प्रकार के वन्यजीवों को आश्रय प्रदान करती हैं। इसी समृद्ध प्राकृतिक विरासत को समर्पित एक नई पुस्तक में राज्य में पाए जाने वाले स्तनधारी जीवों का विस्तृत एवं वैज्ञानिक विवरण प्रस्तुत किया गया है।

### कला केंद्र परिसर में वृक्षारोपण

**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम के कला केंद्र परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण के महत्व पर विशेष बल देते हुए लगाए गए प्रत्येक पौधे की सुरक्षा एवं देखभाल करने आम लोगों से भी अपील की है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तात्यापारा मंडल महामंत्री प्रकाश यदु , मीडिया प्रभारी रोहित द्विवेदी, महामंत्री प्रशांत चंद्राकर, जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पीएम का कार्यकाल 12 वर्ष पूर्ण होने पर किसान मोर्चा ने लगाए पौधे



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मठपुरैना के गोकुलधाम स्थित उद्यान के पास भारतीय जनता किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू के नेतृत्व में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम आयोजित किया गया। किसान मोर्चा के महामंत्री सतीश छुगानी ने बताया कि कार्यक्रम में रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी ने अपनी माता स्व. रुक्मिणी देवीजी के नाम पर एक पेड़ रोपकर पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने मोदीजी के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर कहा कि ये 12 वर्ष विकास के, विश्वास के और जनकल्याण के रहे। मोदीजी के नेतृत्व में विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर हम सभी कार्यकर्ता पूरे मनोभाव से समर्पित हैं।










हेल्थ टिप्स

## विटामिन पैच का बढ़ रहा चलन, जानिए सब कुछ



आजकल बाजार में मिलावटी खाद्य पदार्थों की भरमार है। फल, सब्जियां, दूध, अंडे और अनाज भी इससे अछूते नहीं है। सभी में मिलावट और रसायन शामिल हैं, जो शरीर में जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स की पूर्ति ही नहीं होने देते। इस कारण आप और आपके परिवार के अन्य सदस्य बार-बार बीमार पड़ते रहते हैं। बच्चों की नजर कम उम्र में ही कमजोर हो रही है। एनीमिया, थकान, कमजोरी, हड्डियों की समस्याएं, त्वचा रोग और तंत्रिका संबंधी विकार होने लगे हैं। आप डॉक्टर से बात करती हैं। वह शरीर में पोषक तत्वों की कमी को इसका कारण बताते हैं और आपको सप्लीमेंट लेने की सलाह देते हैं। लेकिन बच्चों और आपको सप्लीमेंट लेना पसंद नहीं। ऐसे में आप विटामिन पैच का उपयोग कर सकती हैं।

### बेहतर विकल्प

विटामिन पैच शरीर में विटामिन, कैल्शियम और अन्य मिनरल पहुंचाने का बेहतर माध्यम है। यदि आपके शरीर में विटामिन की कमी जांची गई है और आप डाइट से इस कमी को पूरी नहीं कर पा रही हैं, यानी कि आपका शरीर खाने से पर्याप्त मात्रा में विटामिन अवशोषित नहीं कर पा रहा है तो आपको विटामिन सप्लीमेंट लेने की सलाह दी जाती है। लेकिन सप्लीमेंट्स आपको रास नहीं आते। हफ्ते भर आप इसका सेवन करती हैं और फिर छोड़ देती हैं, जिस वजह से यह कमी ऐसे ही बनी रहती है। ऐसे में आप विटामिन पैच का इस्तेमाल करें। विटामिन पैच के जरिए डाइट में मामूली बदलाव करने के साथ ही शरीर में पोषक तत्वों की पूर्ति की जा सकती है।

### कैसे करता है काम

विटामिन पैच आपको आवश्यक पोषक



तत्व देते हैं, लेकिन प्रश्न है कि यह काम कैसे करते हैं? असल में, विटामिन पैच एक खास मैकेनिज्म के जरिए काम करते हैं, जिसे ट्रांसडर्मल ड्रग डिलीवरी सिस्टम कहा जाता है। यह एक तरह का ट्रांसडर्मल पैच यानी त्वचा के माध्यम से पोषण पहुंचाने वाला सप्लीमेंट है, जिन्हें त्वचा पर लगाने के लिए ही तैयार किया गया है। इन पैचेज द्वारा नैनो टेक्नोलॉजी के माध्यम से विटामिन त्वचा के छिद्रों के जरिए शरीर में पहुंचाए जाते हैं। यह दिखने में बैंडेज जैसे होते हैं। इस पैच के चिपकने वाली परत पर विटामिन्स, मिनरल्स और हर्बल तत्व लगे रहते हैं। जब यह परत त्वचा पर चिपक जाती है तो शरीर की गर्मी से सक्रिय होकर पोषक तत्वों का स्राव करने लगती है। इन तत्वों को त्वचा अवशोषित करती है और शरीर की सबसे छोटी रक्त नलिकाओं तक पहुंचा देती है। जब इनका संचरण बड़ी रक्त नलिकाओं तक हो जाता है तो इन्हें शरीर के उस हिस्से में पहुंचा दिया जाता है, जहां इनकी जरूरत है। इस प्रकार शरीर के उस हिस्से में विटामिन्स और मिनरल्स की कमी की भरपाई कर दी जाती है और वह हिस्सा स्वस्थ हो जाता है।

### बच्चों को पसंद



जिन बच्चों में किसी विशेष विटामिन की कमी है, उनके लिए विटामिन पैच एक अच्छा विकल्प हो सकता है। असल में बच्चे गोली या सिरप लेने में बहुत आनाकानी करते हैं। आप जब जबरदस्ती उन्हें गोली या सिरप देती हैं तो वे उल्टी कर देते हैं। इस सूरत में यह उनके लिए विशेष रूप से एक प्रभावी उपाय साबित हो सकता है। इससे उनमें नियंत्रित मात्रा में पोषण आपूर्ति होती रहेगी। लेकिन ध्यान रखना होगा कि बच्चों की त्वचा पतली होती है, इसलिए पैच में लगे चिपकने वाले पदार्थ बच्चों को एलर्जी न करें। बच्चों पर विटामिन पैच लगाते समय सतर्कता बरतें। आप इसे त्वचा के ऐसे हिस्से पर लगाएं, जहां से बच्चा इसे बार-बार छू न पाए और मुंह में न ले।

आपका दिल साथ है तो सारा जहान आपका

# आपके दिल की सेहत का आईना होते है शरीर में होने वाले बदलाव, इन्हें नजरअंदाज कतई न करें

दिल हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, जो लगातार रक्त पंप करके पूरे शरीर को ऑक्सीजन और पोषण पहुंचाता है। लेकिन बदलती जीवनशैली, तनाव, अनियमित खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण हृदय रोगों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

चिंता की बात यह है कि कई बार दिल से जुड़ी समस्याएं शुरुआती चरण में छोटे-छोटे संकेतों के रूप में सामने आती हैं, जिन्हें लोग सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यदि इन लक्षणों को समय रहते पहचान लिया जाए तो गंभीर हृदय रोगों और हार्ट अटैक जैसी जानलेवा स्थितियों से बचा जा सकता है। अगर आपके शरीर में भी कुछ असामान्य बदलाव दिखाई दे रहे हैं, तो सतर्क हो जाना जरूरी है। आइए जानते हैं उन 5 संकेतों के बारे में जो दिल की बीमारी की ओर इशारा कर सकते हैं।

### सीने में दर्द

सीने में दर्द, जकड़न, भारीपन या दबाव महसूस होना हृदय रोग का सबसे आम संकेत माना जाता है। यह दर्द कुछ मिनटों तक रह सकता है या बार-बार हो सकता है। कई बार यह दर्द कंधे, गर्दन, पीठ या बांह तक भी फैल सकता है। यदि ऐसा बार-बार हो रहा है



तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### सांस फूलना

सीढ़ियां चढ़ते समय अत्यधिक थकान महसूस हो या सांस फूले तो यह दिल की कमजोरी का संकेत हो सकता है। जब हृदय ठीक से रक्त पंप नहीं कर पाता, तो फेफड़ों पर दबाव बढ़ जाता है और सांस लेने में परेशानी होने लगती है।

### अत्यधिक थकान और कमजोरी

आराम करने के बावजूद लगातार थकान महसूस हो रही है, तो इसे सामान्य कमजोरी समझकर नजरअंदाज न करें। हृदय की कार्यक्षमता कम होने पर शरीर के अंगों तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती, जिससे थकान और ऊर्जा की कमी महसूस हो सकती है।



### अनियमित या तेज धड़कन

दिल की धड़कन का अचानक तेज होना, बहुत धीमा होना हृदय संबंधी समस्या का संकेत हो सकता है। यदि यह स्थिति बार-बार हो रही है, तो मेडिकल जांच कराना जरूरी है।

### पैरों, टखनों या पंजों में सूजन

दिल की कार्यक्षमता प्रभावित होने पर शरीर में तरल पदार्थ जमा होने लगते हैं, जिससे पैरों, टखनों और पंजों



में सूजन आ सकती है। यह लक्षण हार्ट फेलियर जैसी गंभीर स्थिति का शुरुआती संकेत भी हो सकता है।

### दिल को स्वस्थ रखने के लिए क्या करें?

संतुलित और पौष्टिक आहार लें। नियमित व्यायाम करें। धूम्रपान और तंबाकू से दूर रहें। तनाव को नियंत्रित रखें। ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच कराएं। पर्याप्त नींद लें।

### इस बात का खास ध्यान रखें

हमेशा याद रखें कि दिल की बीमारी अक्सर अचानक नहीं होती, बल्कि शरीर पहले से कई संकेत देता है। यदि आपको सीने में दर्द, सांस फूलना, अत्यधिक थकान, अनियमित धड़कन या सूजन जैसे लक्षण दिखाई दें, तो इन्हें नजरअंदाज न करें और समय रहते डॉक्टर की सलाह लें। समय पर पहचान और सही इलाज से गंभीर हृदय रोगों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।




## राष्ट्रीय यूथ म्यू थाई में छत्तीसगढ़ ने जीते 07 स्वर्ण सहित 17 पदक

**रायपुर।** यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया (यूएमएआई) के तत्वावधान में म्यू थाई एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा आयोजित 7वीं यूएमएआई राष्ट्रीय यूथ म्यू थाई चैंपियनशिप का समापन 04 जून इन्दिरा गाँधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, हल्द्वानी (उत्तराखंड) में हुआ। एक जून से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का शानदार प्रदर्शन रहा। छत्तीसगढ़ी खिलाड़ियों ने इस चैंपियनशिप में 07 स्वर्ण, 04 रजत, 06 काँस्य सहित कुल 17 पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। यूथ राष्ट्रीय म्यूथाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक एवँ अंकों के आधार पर मेघालय ओवरऑल चैंपियन, असम द्वितीय, उत्तराखंड एवँ उत्तरप्रदेश तृतीय स्थान पर रहे।

चैंपियनशिप के अन्तिम दिन फाइनल में छत्तीसगढ़ की समिधा अग्रवाल (रायपुर) ने मिज़ोरम की खिलाड़ी को हराकर, संजीत मोहन्ती (रायपुर) को नो कांटेस्ट गोल्ड घोषित होने पर, काप्सा गुप्ता (दल्लीराजहरा, बालोद) ने बिहार की खिलाड़ी को हराकर, साधिके दुबे और हिमानी डड़सेना (दोनो बालोद) ने वाये क्रू एकल इवेन्ट में अपने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर छत्तीसगढ़ के स्वर्ण पदकों की संख्या 07 पहुंचाई।

मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने छत्तीसगढ़ से अंतरराष्ट्रीय निर्णायकों में हरबंश कौर, प्रणव शंकर साहू (दोनो दल्लीराजहरा, बालोद), टिकेश्वरी साहू (खेल एवँ युवा कल्याण, दंतेवाड़ा, दक्षिण बस्तर) और न्यू रेफ़री वाणी (दल्लीराजहरा, बालोद) को डिप्लोमा स्मृति चिन्ह, विशेष उपहार और निर्णायक भत्ता प्रदान किया तथा कोच जय कुमार (रायपुर) एवँ राज्य प्रतिनिधि के रूप में अमन यादव (रायपुर) को भी मंचस्थ अतिथियों ने सम्मानित किया। समापन एवँ पुरुस्कार वितरण समारोह में छत्तीसगढ़ म्यूथाई संघ के महासचिव अनीस मेमन (फेडरेशन के संयुक्त सचिव) ने मंच संचालन किया। मंच पर राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू, महिला प्रतिनिधि नजमा परवीन कुरैशी (काँकेर) और प्रभा साहू (धमतरी) भी उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ के पदक विजेता

स्वर्ण पदक में युवराज सिंह, जगदलपुर, बस्तर (अंडर-18,-86किग्रा), तनुश्री मीणा, दल्लीराजहरा, बालोद (अंडर-14,-34किग्रा), काप्सा गुप्ता, दल्लीराजहरा, बालोद (अंडर-16,-45किग्रा),समिधा अग्रवाल,रायपुर (अंडर-18,- 45किग्रा),संजीत मोहन्ती, रायपुर (अंडर-10,- 30किग्रा) नो कॉन्टेस्ट गोल्ड,साधिके दुबे, दल्लीराजहरा, बालोद (अंडर-18,- 55किग्रा, वाये क्रू इवेन्ट), हिमानी डड़सेना, दल्लीराजहरा, बालोद (अंडर-18,- 45किग्रा, वाये क्रू इवेन्ट) शामिल हैं। रजत पदक विजेताओं में बलजीत कौर, रायपुर (अंडर-14,-44किग्रा),सिद्धि निर्मलकर, दल्लीराजहरा, बालोद (अंडर-14,-50 किग्रा),नित्यम कुमार साहू, रायपुर (अंडर-10,-30किग्रा),आदित्य झा, दल्लीराजहरा, बालोद (अंडर-18,-75किग्रा) और काँस्य पदक विजेताओं में ट्विंकल टांडिया, दल्लीराजहरा, बालोद (अंडर-12,-32किग्रा),वर्षा निर्मलकर, दल्लीराजहरा, बालोद (अंडर-16,-48किग्रा),छाया नाग, दंतेवाड़ा, दक्षिण बस्तर (अंडर-16,-40किग्रा),आदित्य गुप्ता, रायपुर (अंडर-14,-48किग्रा), सिमरन सिंह, दल्लीराजहरा, बालोद (अंडर-18,-48किग्रा),आर्यमान सहगल, रायपुर (अंडर-18,-63.5किग्रा) शामिल हैं।

### क्वार्टर फाइनल तक पहुँचे पदक विहीन खिलाड़ी

चैम्पियनशिप में क्वार्टर फाइनल तक पहुँचे छत्तीसगढ़ के पदक विहीन खिलाड़ियों में नुरवी मिलिन्द, रायपुर (अंडर-09,-24किग्रा),ऐशिनी वर्मा, रायपुर (अंडर-12,-30किग्रा),मोक्ष पटेल, रायपुर (अंडर-12,-34किग्रा),सूर्यान्श दुबे, रायपुर (अंडर-12,-40किग्रा),कुशाग्र साहू, रायपुर (अंडर-14,-48किग्रा), सोनम साहू, दल्लीराजहरा, बालोद (अंडर-18,-42किग्रा),मिनाली भंसारे, दल्लीराजहरा, बालोद (अंडर-18,-45किग्रा), हर्ष कुमार, दल्लीराजहरा, बालोद (अंडर-18,-54किग्रा),अर्चित केशवानी, रायपुर (अंडर-16,-57किग्रा) और श्रेयांश मित्तल, रायपुर (अंडर-16, 44किग्रा) शामिल हैं।



## विश्व योगासन में छत्तीसगढ़ को मिला महत्वपूर्ण दायित्व

**अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में निर्णायक, मंच व पदक प्रभारी से लेकर जोन प्रभारी तक छत्तीसगढ़ के**

**भिलाई।** अहमदाबाद में 4 से 8 जून तक जारी प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि महत्वपूर्ण दायित्व निभा रहे हैं। इस विश्व स्तरीय आयोजन में योगासन भारत छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष और भिलाई निवासी गोस्वामी जयंत विष्णु भारती को मुख्य मंच का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जयंत इससे पहले सितंबर-25 में भिलाई में भिलाई में सम्पन्न 6 वीं सीनियर और सीनियर 'ए' राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में महत्वपूर्ण प्रबंधकीय दायित्व निभा चुके हैं। इसी तरह अहमदाबाद में जारी प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में दुर्ग निवासी और छत्तीसगढ़ योगासन भारत के महासचिव डॉ. मेजर सिंह को पदक समारोह के महत्वपूर्ण दायित्व का प्रभारी बनाया गया है। इस विश्व योगासन चैंपियनशिप में निर्णायक की भूमिका निभा रहे देश के चुनिंदा योग विशेषज्ञों में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ योगासन विशेषज्ञ धमतरी निवासी भोजेंद्र साहू भी शामिल हैं। गत वर्ष भिलाई में हुई राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता और अल्मोड़ा उत्तराखंड में हुए 38वें राष्ट्रीय खेल में योगासन में भोजेंद्र निर्णायक का दायित्व निभा चुके हैं। एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में पैरा योगासन के प्रभारी शैलेंद्र ऋषि को इस विश्व चैंपियनशिप में महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया



शैलेन्द्र ऋषि



डॉ. मेजर सिंह



जयंत विष्णु भारती



भोजेन्द्र साहू

गया है। यह सम्मान उनके समर्पण, कार्यक्षमता एवं छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए उत्कृष्ट योगदान की स्वाभाविक पहचान है। सरगुजा निवासी और कृषि विस्तारक अधिकारी शैलेंद्र ऋषि को पैरा योगासन के लिए पूर्वी जोन का प्रभारी बनाया गया है। योगासन भारत छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती ने बताया कि पिछली राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की उत्कृष्ट भागीदारी, अनुशासन, संगठन क्षमता एवं उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए प्रदेश के सभी पदाधिकारियों पर विश्वास व्यक्त किया गया है और यह सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए सम्मान, गौरव और प्रेरणा का विषय है। भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन तथा योग ऋषि स्वामी रामदेव के आशीर्वाद से आयोजन साकार हो रहा है।

## पूजा के तुरंत बाद हाथ नहीं धोने चाहिए,जानें क्या कहते हैं शास्त्र

पूजा पाठ करने के बाद कई सारे काम ऐसे होते हैं, जिन्हें हमें नहीं करना चाहिए। इससे हमारे घर की बरकत और हमारी पूजा का फल कम हो जाता है।

हिंदू धर्म में पूजा-पाठ को एक पवित्र क्रिया मानी जाती है। इसलिए हमारे घरों और मंदिरों में रोजाना पूजा की जाती है। इसके लिए हम कई सारी सामग्री भी लेकर आते हैं। जिसे अर्पित करके हम पूजा को संपन्न करते हैं। लेकिन कई बार हम गलती से कुछ ऐसे काम को कर लेते हैं, जिसे करने की मनाही हमारे शास्त्रों में भी होती है। पूजा के तुरंत बाद हैथ नहीं धोने चाहिए। यह हमारे घरों में अक्सर मना किया जाता है। आर्टिकल में बताते हैं ऐसा करने से क्या होता है।

### पूजा करते समय जोड़े जाते हैं हाथ

जब भी हम पूजा करते हैं, तो भगवान के सामने अपने हाथ जरूर जोड़ते हैं। ऐसे में हम अपनी पूजा के फल को भगवान से मांगते हैं। इससे हमारे हाथों में एक ऊर्जा आती है, जिससे हमारे अंदर उस समय सकारात्मक ऊर्जा होती है। ऐसे में हमारे बड़े कहते हैं कि हाथों को पूजा के बाद अपने पूरे शरीर में लगाना



चाहिए। इससे आपको लाभ मिलता है। इसलिए पूजा के तुरंत बाद पानी से हाथ साफ नहीं करने चाहिए।

### श्रद्धा और आस्था का होता है भाव

शास्त्रों के अनुसार, पूजा के बाद थोड़ी देर तक उसकी पवित्रता को बनाए रखने के लिए आपको हाथों को पानी से नहीं धोना चाहिए। इससे आपके द्वारा की गई पूजा अधूरी रह जाती है। साथ ही, इसका फल आपको पूर्ण रूप से नहीं मिलता है। इसलिए आपको पूजा के तुरंत बाद हाथों को कभी नहीं धोना चाहिए।

### तिलक लगाने के बाद भी हाथों को न धोएं

कुछ लोग पूजा के दौरान भगवान को टीका लगाने के बाद अपने माथे पर चंदन या रोली का टीका लगाते हैं। इसे आराधना का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में आपके हाथों में ऊर्जा आती है। ऐसे में आपको तुरंत बाद हाथों को पानी से साफ नहीं करना चाहिए।

कार्नर न्यूज

आज विश्व कीट दिवस, कीट-पतंगों पर नियंत्रण जरूरी

# घर में चाहिए खुशहाली तो हमेशा ध्यान रखें पेस्ट कंट्रोल मैनेजमेंट का, मिलेगा सुरक्षित वातावरण

घर के लिए पेस्ट कंट्रोल सुरक्षित, गंधहीन और पर्यावरण-अनुकूल होना चाहिए। यह सुनिश्चित करता है कि आपके परिवार (और पालतू जानवरों) के स्वास्थ्य को कोई नुकसान न पहुंचे। इसे साल में कम से कम 2 से 3 बार जरूर करवाना चाहिए ताकि कॉकरोच, छिपकली, चूहे और मच्छरों का प्रकोप न बढ़े। मॉडर्न पेस्ट कंट्रोल तकनीक की सुविधा इतनी ज्यादा उन्नत हो चुकी है कि अब किचन का एक भी सामान उठाए बिना ही पेस्ट कंट्रोल प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। कीट नियंत्रण के प्रति जनजागरुकता के लिहाज से हर साल 6 जून को विश्व कीट दिवस मनाया जाता है।

इस संदर्भ में पेस्ट मैनेजमेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया पुणे के छत्तीसगढ़ प्रमुख मोहम्मद मजहर नदीम बताते हैं कि 6 जून को विश्व कीट दिवस के साथ-साथ हर साल 20 जून तक विश्व कीट दिवस पखवाड़ा भी मनाया जाता है।

नदीम बताते हैं कि निजी तौर पर अपने घर के लिए पेस्ट कंट्रोल में कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। जिससे आप चिंतामुक्त होकर अपने घरवालो को सुरक्षित वातारण दे सकें।



पेस्ट कंट्रोल छोटे कीट-पतंगों को घर से दूर रखने की एक रसायनिक प्रक्रिया है, जो लिक्विड और जैल फॉर्म में होती है। इंडियन पेस्ट कंट्रोल एसोसिएशन के अंतर्गत पूरे देश में पेस्ट कंट्रोल एजेंसीज़ हैं। ध्यान रखें लायसेंसधारी पेस्ट कंट्रोल कंपनी की ही सेवा लें, जो वर्ल्ड हैल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्लूएचओ) के स्टैंडर्ड कैमिकल से पेस्ट कंट्रोल करते हैं।

डब्लूएचओ के स्टैंडर्ड कैमिकल का फायदा ये है कि ये न तो पाउडर फॉर्म में इस्तेमाल किया जाता है, न ही स्प्रे फॉर्म में, इसलिए इससे सेहत को कोई नुकसान नहीं पहुंचता। एक विशेष प्रकार के जैल से जगह-जगह निशान लगाए जाते हैं।

कॉकरोच, मच्छर जैसे इंसेक्ट कभी भी मरते नहीं हैं, इन पर नियंत्रण किया जाता है। इन्हें घर से दूर रखने और घर में इनकी संख्या को कम करने के लिए किया जाने वाला पेस्ट कंट्रोल तीन रूपों में होता है- एक कॉकरोच की रोकथाम के लिए, दूसरा दीमक पर नियंत्रण बनाने के लिए और तीसरा सामान्य कीटों से सुरक्षा के लिए (जनरल डिसइंफेक्शन ट्रीटमेंट) को अपनाएं। नए बने घर में दीमक नियंत्रण पेस्ट कंट्रोल करवाना चाहिए, जो 5 साल की सुरक्षा की गारंटी देता है, वहीं पहले से रह रहे घर में की गई पेस्ट कंट्रोल की गारंटी 3 साल की होती है। पेस्ट कंट्रोल साल में तीन बार करवाना चाहिए, जिसकी प्रक्रिया सिर्फ आधे घंटे की होती है। एक बार के पेस्ट कंट्रोल का खर्च लगभग 750 रुपए से लेकर 800 रुपए तक आता है, जिसका प्रभाव तीन महीने तक रहता है। और सबसे अच्छी बात ये कि इस प्रक्रिया के बाद किसी तरह की कोई दुर्गंध नहीं आती। मात्र एक घंटे में पेस्ट कंट्रोल प्रक्रिया पूरी हो जाती है, वह भी बिना कमरे को खाली किए। किचन का एक भी सामान



हटाए बिना आप किचन को कीट-पतंगों से फ्री कर सकते हैं।

पूरे घर में एक साथ पेस्ट कंट्रोल किया जाता है। इसमें किचन और बाथरूम में तो पेस्ट कंट्रोल होना ही चाहिए। आप नए घर में शिफ्ट करने वाले हैं, तो 4-5 महीने पहले पुराने घर में ही पेस्ट कंट्रोल करवा लें, ताकि लकड़ी के फर्नीचर या अन्य सामानों में मौजूद कीट खत्म हो जाएं और नए घर में डेरा न डाल पाएं। दीमक मिट्टी से आती है, जो फर्नीचर और वॉर्डरोब जैसे लकड़ी के सामानों को नुकसान पहुंचाती है, जबकि कॉकरोच वगैरह गंदगी से पनपते हैं। अगर घर में दीमक है, तो एक बार दीमक पेस्ट कंट्रोल करवा लें, उसके बाद तीन साल तक दीमक नहीं लगेगी। मगर कॉकरोच पेस्ट कंट्रोल के लिए आपको साल में तीन बार यह प्रक्रिया करवानी होगी।